तापमान
अधिकतम 44.0 डिग्री
न्यूनतम 26.0 डिग्री

हरिभूमि
# कोरबा भूमि

बिलासपुर, गुरुवार 30 अप्रैल 2026

दीपका | कटघोरा | छुरी | पाली | करतला | पोड़ीउपरोड़ा

4 महिला आरक्षण बिल पर भिड़े सत्ता पक्ष और विपक्ष के पार्षद



## खबर संक्षेप

### राष्ट्रीय महिला आयोग की अध्यक्ष आएंगी आज



**कोरबा।** महिलाओं की समस्याओं के त्वरित समाधान, न्याय तक सहज पहुंच तथा उनकी शिकायतों के प्रभावी निस्तारण हेतु राष्ट्रीय महिला आयोग द्वारा 30 अप्रैल को कोरबा, छत्तीसगढ़ में राष्ट्रीय महिला आयोग आपके द्वार- महिला जनसुनवाई का आयोजन किया जा रहा है। इस जनसुनवाई की अध्यक्षता राष्ट्रीय महिला आयोग की अध्यक्ष श्रीमती विजया रहाटकर करेंगी। कार्यक्रम के अंतर्गत प्रातः 11.30 बजे कलेक्टोरेट सभाकक्ष में जिला प्रशासन एवं वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक आयोजित की जाएगी। इस बैठक में महिलाओं की सुरक्षा, शिकायतों के त्वरित निस्तारण, कानून-व्यवस्था तथा महिला सशक्तिकरण से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत चर्चा की जाएगी। इसके उपरांत दोपहर 1 बजे कलेक्टोरेट सभाकक्ष, कोरबा में महिला जनसुनवाई आयोजित होगी, जहाँ महिलाएँ अपनी शिकायतों के साथ सीधे उपस्थित होकर अपनी बात रख सकेंगी।

### जनसमस्या निवारण शिविर हेतु नोडल अधिकारी हुए नियुक्त

**कोरबा।** कलेक्टर कुणाल दुदावत द्वारा सुशासन तिहार अभियान के तहत जिले में आयोजित जनसमस्या निवारण शिविर के सफल एवं सुव्यवस्थित संचालन हेतु नोडल एवं सहायक नोडल अधिकारी की नियुक्ति की गई है। जारी आदेश के अनुसार सर्व अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) जिला कोरबा को नोडल अधिकारी और सर्व मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत जिला कोरबा को सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है।

### झिनपुरी के संचालक मंडल सदस्यों के निर्वाचन हेतु कार्यक्रम जारी

**कोरबा।** मातिनदाई बहुउद्देशीय सहकारी समिति मर्यादित झिनपुरी विकासखंड पोंड़ीउपरोड़ा के संचालक मंडल सदस्यों के निर्वाचन हेतु चुनाव कार्यक्रम जारी कर दिया गया है। रिटर्निंग अधिकारी दीपक सिंह कंवर द्वारा घोषित कार्यक्रम के अनुसार नामांकन पत्र 5 मई को सुबह 11 बजे से अपरांह 3 बजे तक समिति कार्यालय में प्रस्तुत किये जायेंगे। सोसायटी की विशेष साधारण सम्मेलन में मतदान 13 मई को सुबह 11 बजे से अपरांह 3 बजे तक कराया जायेगा। मतदान समाप्ति के एक घंटे के बाद समिति कार्यालय में मतगणना की जायेगी। अध्यक्ष, उपाध्यक्ष एवं अन्य प्रतिनिधियों के निर्वाचन की प्रक्रिया 18 मई को दोपहर 12 बजे से अपरान्ह 4 बजे तक समिति कार्यालय में संपन्न होगी। निर्वाचन कार्यक्रम से संबंधित विस्तृत जानकारी के लिए समिति के सूचना पटल का अवलोकन किया जा सकता है।

### पावरलिफ्टिंग चैंपियनशिप में श्रेयांश ने जीता सिल्वर मेडल



**कोरबा।** जिले के दर्री स्थित सीएसईबी कॉलोनी निवासी प्रतिभाशाली खिलाड़ी श्रेयांश साहू ने उदयपुर में आयोजित पावरलिफ्टिंग चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन करते हुए द्वितीय स्थान हासिल कर सिल्वर मेडल अपने नाम किया है। उनकी इस उपलब्धि से परिवार, मित्रों और पूरे क्षेत्र में खुशी का माहौल है। श्रेयांश साहू बचपन से ही खेलों के प्रति विशेष रुचि रखते हैं। सीमित संसाधनों के बावजूद उन्होंने मेहनत, अनुशासन और समर्पण के बल पर यह सफलता हासिल की। प्रतियोगिता में देश के विभिन्न राज्यों से पहुंचे खिलाड़ियों के बीच कड़ी प्रतिस्पर्धा रही, लेकिन श्रेयांश ने आत्मविश्वास और उत्कृष्ट प्रदर्शन के दम पर दूसरा स्थान प्राप्त किया।

# आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूलों में विषय विशेषज्ञ शिक्षकों की कमी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अलग खबर

जिले के स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूलों में शिक्षा व्यवस्था गंभीर संकट से गुजर रही है। शिक्षा विभाग की उदासीनता और भर्ती प्रक्रिया में लगातार हो रही देरी के कारण पिछले तीन वर्षों से विषय विशेषज्ञ शिक्षकों की नियुक्ति नहीं हो पाई है। हर साल रिक्त पदों के लिए विज्ञापन जारी होते हैं, लेकिन नियमों की विसंगतियों और न्यायालयीन विवादों के चलते नियुक्ति आदेश जारी नहीं हो पा रहे हैं।

हालात यह है कि अंग्रेजी माध्यम के इन स्कूलों में पढ़ाई का जिम्मा अस्थायी रूप से हिंदी माध्यम के शिक्षकों को सौंपकर काम चलाया जा रहा है, जिससे शिक्षा की गुणवत्ता पर असर पड़ रहा है। स्वामी आत्मानंद विद्यालय संचालन एवं प्रबंध समिति ने वर्ष 2023 में रिक्त पदों को भरने के लिए आवेदन मंगाए थे। पात्रता जांच के बाद चयन सूची भी तैयार कर ली गई, लेकिन पूरे सत्र 2023-24 में नियुक्ति नहीं हो सकी। इसके बाद विभाग ने पुराने अभ्यर्थियों को मौका देने के बजाय 11 नवंबर 2024 को 120 पदों के लिए नई भर्ती निकाल दी। इससे नाराज अभ्यर्थियों ने कोर्ट का दरवाजा खटखटाया, जिससे प्रक्रिया और उलझ गई। सत्र 2025-26 के लिए दिसंबर 2025 में अभ्यर्थियों को काउंसिलिंग के लिए बुलाया गया, लेकिन यह भर्ती केवल मार्च तक यानी महज तीन महीने के लिए थी, इसलिए अधिकांश अभ्यर्थियों ने इसमें रुचि नहीं दिखाई और पद खाली रह गए। जिला शिक्षा अधिकारी टी.पी. उपाध्याय के अनुसार, भर्ती प्रक्रिया न्यायालय में लंबित मामलों के कारण आगे नहीं बढ़ पा रही है। पात्रता और चयन को लेकर बार-बार कोर्ट में चुनौती दिए जाने से प्रक्रिया प्रभावित हो रही है। पिछले सत्र में काउंसिलिंग के बावजूद अभ्यर्थियों की अनुपस्थिति भी एक बड़ी वजह रही। पसान स्थित आत्मानंद स्कूल में शिक्षकों की कमी इतनी बढ़ गई कि छात्रों को अपने अधिकार के लिए सड़क पर उतरना पड़ा। जनप्रतिनिधियों के साथ कलेक्ट्रेट पहुंचकर मांग रखने के बाद भी समाधान नहीं हुआ तो छात्रों ने चक्काजाम कर दिया। इसके बाद प्रशासन ने अस्थायी रूप से शिक्षकों की व्यवस्था की। जिले के पंप हाउस, हरदीबाजार, पाली, पोड़ी उपरोड़ा, कोरबी, पसान, बालको, करतला, कटघोरा, तिलकेजा, जमनीपाली, गोपालपुर, कुसमुंडा, दीपका और बांकीमोंगरा स्थित आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूलों में बड़ी संख्या में विषय शिक्षकों के पद खाली हैं। इन 90 पदों के लिए 13 सितंबर 2023 को विज्ञापन जारी हुआ था, जबकि बरपाली, जिल्गी और छुरी के 44 पदों के लिए 27 सितंबर 2023 को पहली बार भर्ती प्रक्रिया शुरू की गई थी।

## बीते वर्ष हुई भर्ती में भी नहीं मिले अभ्यर्थी

**खास बातें**
- कानूनी प्रक्रिया के कारण बीते दो साल से रुकी हुई थी भर्ती प्रक्रिया
- शिक्षकों के लिए छात्र उतर चुके सड़क पर




## प्रदेश के टॉप टेन में जिले को नहीं मिला स्थान

# सीजी बोर्ड परीक्षाओं का रिजल्ट घोषित छात्राओं ने एक बार फिर फहराया परचम

### 10वीं के परीक्षा परिणाम में बालिका 82.02 प्रतिशत बालक 71.87 प्रतिशत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा


तृप्ती


निशा सुनहरे

माध्यमिक शिक्षा मंडल के द्वारा घोषित किए गए बोर्ड परीक्षा परिणाम में जिले के बालिकाओं ने एक बार अपना परचम फहराया है। कुल घोषित परीक्षा परिणाम में कक्षा 10वीं में बालिकाओं का प्रतिशत 82.02 प्रतिशत, बालक वर्ग का 71.87 प्रतिशत रहा। इसी तरह 12वीं में बालिका वर्ग का 87.13 प्रतिशत और बालक वर्ग का 77.87 प्रतिशत परीक्षा परिणाम रहा।

जिले में इस वर्ष 10वीं को बोर्ड परीक्षा में 12493 छात्राएं बैठी थी। घोषित परीक्षा परिणाम के तहत 6995 छात्राएं उपस्थित रही जिनमें 5725 छात्राएं उत्तीर्ण रही। जिसमें प्रथम श्रेणी में 3487, द्वितीय श्रेणी में 2173 और तृतीय श्रेणी में 65 छात्र आए हैं। बालिकाओं का पूर्ण परीक्षा परिणाम 82.2 प्रतिशत रहा। इसी तरह 5411 बालक ने परीक्षा दिलाई जिसमें 3889 उत्तीर्ण हुए। प्रथम 1864, द्वितीय 1895 एवं 130 छात्रों को तीसरा स्थान मिला तथा 1184 बालक अनुत्तीर्ण रहे। कुल परीक्षा परिणाम 71.87 प्रतिशत रहा।

### 12वीं की परीक्षा परिणाम में बालिका 87.13 प्रतिशत, बालक 77.87 प्रतिशत


अपने परिजनों के साथ जिले का टॉपर 12वीं का छात्र।

इसी तरह 12वीं की परीक्षा में 5724 छात्राएं बैठी थी जिसमें प्रथम स्थान पर 3351, द्वितीय स्थान पर 1599 और तृतीय स्थान पर 34 बालिकाएं रहीं। 497 छात्राओं को पूरक की पात्रता मिली तथा 239 छात्राएं अनुत्तीर्ण रहीं कुल परीक्षा परिणाम 87.13 प्रतिशत रहा। इसी तरह बालक वर्ग में 3716 छात्र परीक्षा में बैठे थे जिसमें 1451 प्रथम, 1373 द्वितीय तथा 70 छात्रों को तीसरा स्थान मिला। 491 छात्रों को पूरक की पात्रता मिली। वहीं 331 छात्र अनुत्तीर्ण घोषित किए गए कुल परीक्षा परिणाम 77.87 रहा।

### इन स्कूल के छात्रों ने दर्ज किए सर्वाधिक अंक

बोर्ड परीक्षाओं के घोषित परीक्षा परिणाम में शहर की अपेक्षा ग्रामीण अंचल के छात्रों ने बाजी मारी है। 12वीं की परीक्षा परिणाम में ग्राम गोढ़ी के शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल के छात्र पुर्णेश डहरिया ने जिले में सर्वाधिक अंक 95.60 हासिल किए हैं। जिसे 500 में 478 अंक प्राप्त हुए हैं। इसी तरह दूसरे स्थान पर श्रुति शर्मा जयभारत इंग्लिश मीडियम स्कूल कटघोरा रही है। जिन्होंने 500 में 477 अंक हासिल किए। 95.40 प्रतिशत प्राप्त हुआ है। इसी तरह आरती पैकरा लाफा हायर सेकेंडरी स्कूल से तीसरे स्थान पर रही। जिन्हें 475 अंक के साथ 95 प्रतिशत प्राप्त किए हैं। तीसरे स्थान पर मोरगा क्षेत्र के नेहरू स्मारक हायर सेकेंडरी स्कूल की मोनिका साहू भी रही। चौथे स्थान पर आयुष कुमार देवांगन नेहरू स्मारक हायर सेकेंडरी स्कूल मोरगा रहे हैं। जिन्हें 474 अंक के साथ 94.80 प्रतिशत मिले हैं। इसी स्कूल के ही जामिनी कुमारी तथा जान्हवी दोनों छात्राओं को 94.20 अंक प्राप्त हुए हैं। इसी तरह 10वीं के परीक्षा परिणाम में बालको हायर सेकेंडरी स्कूल की तृप्ति कैवर्त ने जिले में पहले स्थान पर रही। जिन्हें 96.17 प्रतिशत अंक प्राप्त हुआ है। दूसरे स्थान पर पीएम श्री स्कूल तिलकेजा के नीतिन धीरहे रहे। जिन्हें 96 प्रतिशत अंक प्राप्त हुए हैं। तीसरे स्थान पर एमजी हाई स्कूल बालको की निशा सुनहरे जिन्हें 95 प्रतिशत अंक प्राप्त हुआ है।

### श्रमिकों और किसानों के बच्चों ने मारी बाजी

बालको एमजीएम हायर सेकेंडरी स्कूल की तृप्ति एवं निशा सुनहरे के पिता ठेका श्रमिक हैं। तृप्ति के पिता जहां बालको संयंत्र में काम करने जाते हैं वहीं निशान सुनहरे के पिता उरगा स्थित अडानी पावर संयंत्र में ठेका श्रमिक हैं। दोनों छात्राओं ने अपने भविष्य के प्रति कैरियर को लेकर मेडिकल और प्रशासनिक क्षेत्र को प्राथमिकता देने की बात कही। स्कूल के माहौल को भी उन्होंने अपनी सफलता से जोड़ा है। इसी तरह 12वीं की परीक्षा में जिले में पहला स्थान पाने वाले पुर्णेश डहरिया पुर्णतः ग्रामीण अंचल से हैं। कृषक परिवार से आने वाले पुर्णेश भविष्य में चाटर्ड एकाउंटेंट के क्षेत्र में कैरियर बनाने की इच्छा रखते हैं। स्कूल की प्राचार्य रिनी दुबे के मुताबिक छात्र का अच्छा रुझान कामर्स के विषय पर रहा है। पूर्व की परीक्षाओं में भी इनके परीक्षा परिणाम बेहतर रहे हैं।

### शिक्षकों की व्यवस्था भी नहीं आ सकी काम

9 साल बाद पहली बार अप्रैल में घोषित बोर्ड परीक्षा के परिणाम में औद्योगिक जिला कोरबा के किसी भी छात्र का मेरिट की सूची में स्थान न बना पाना शिक्षक विहीन स्कूलों में शिक्षकों की की व्यवस्था भी काम नहीं आ सकी। युक्तियुक्तकरण से भले ही विषय विशेषज्ञ शिक्षकों की पदस्थापना के साथ डीएमएफ से मानदेय व्याख्याता के पद पर भी पदस्थापना की गई थी। अतिथि व्याख्याताओं को भी पदस्थ किया गया था। शासन की एक बड़ी राशि खर्च होने के बाद भी बोर्ड परीक्षाओं में किसी भी छात्र का प्रदेश की मेरिट सूची में स्थान न बना पाने से शिक्षा के क्षेत्र में अब तक की गई प्रशासनिक कार्रवाई की पोल खुल चुकी है। ग्रामीण अंचल के कई स्कूलों में विषय विशेषज्ञ शिक्षकों की पदस्थापना आधे सत्र में किए जाने से ही छात्रों को इसका लाभ नहीं मिल सका।

### तीन साल में तीन प्रतिशत बढ़ा रिजल्ट

जिले का परीक्षा परिणाम तीन साल में तीन प्रतिशत ही बढ़ा है। शिक्षा विभाग के मुताबिक परीक्षा परिणाम के आधार पर हाई स्कूल का परीक्षा परिणाम 2024-25 में 74.49 प्रतिशत था जो 2025-26 शिक्षण सत्र में 77.58 रहा। इसी तरह हायर सेकेण्डरी स्कूल का परीक्षा परिणाम 2024-25 में 80.31 प्रतिशत था। 2025-26 शिक्षण सत्र में बढ़कर 83.48 प्रतिशत हो गया।

### नवनिर्मित मकान में हो रही थी पेंटिंग, झूले से गिरा पेंटर, मौत

**खास बातें**
- आजाद नगर बालको निवासी था मृतक, रिस्दी में गया था काम करने

**कोरबा।** एक नवनिर्मित मकान में पेंटिंग का काम चल रहा था। जहां एक 35 वर्षीय युवक पेंटिंग के काम करने के लिए झूले पर चढ़कर पेंटिंग कर रहा था इस दौरान झूले में उसका बैलेंस बिगड़ा और वह ऊंचाई से सीधे नीचे आ गिरा। घटना के होते ही मौके पर अफरा तफरी की स्थिति निर्मित हो गई। अन्य सहकारियों की मदद से उसे उपचार के लिए मेडिकल हॉस्पिटल में दाखिल कराया गया। जहां इलाज के दौरान पेंटर की मौत हो गई है। पुलिस के मामले में वैधानिक कार्रवाई कर शव को परिजनों के सुपुर्द कर मामले की जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार बालको आजाद नगर निवासी रवि प्रकाश 35 वर्ष का पेंटिंग का काम करता था। बताया जाता है कि रिस्दी में भूपेंद्र भारद्वाज के नवनिर्मित मकान में रवि प्रकाश व उनकी टीम द्वारा पेंटिंग का काम किया जा रहा था इस दौरान रवि प्रकाश झूले में चढ़कर ऊंचाई में पेंटिंग का काम कर रहा था कि इसी दौरान झूले में पेंटिंग करने के दौरान उसका बैलेंस बिगड़ गया और रवि प्रकाश सीधे ऊपर से नीचे आ गिरा। वहां मौजूद अन्य सहकर्मियों ने तत्काल रवि प्रकाश को उपचार के लिए मेडिकल हॉस्पिटल में दाखिल कराया जहां चिकित्सकों ने परीक्षण उपरांत मृत घोषित कर दिया। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरु कर दी है।

## पीपल का टहनी गिरने से कार व बाइक क्षतिग्रस्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

न्यायालय परिसर में उस समय अफरा तफरी की स्थिति निर्मित हो गई थी जब परिसर में पीपल का वृक्ष अचानक धराशाही हो गया और उसकी बड़ी-बड़ी टहनियां पेड़ के नीचे खड़ी कार उसकी जद में आ गई। घटना के होते ही लोग सख्ते में आ गए थे। इसके बाद वहां मौजूद अधिवक्ताओं ने किसी तरह क्षतिग्रस्त वाहनों को बाहर निकाला। घटना का सुखद पहलू यह रहा कि घटना में किसी को चोट नहीं आई लेकिन इस घटना में अधिवक्ताओं की दो चार पहिया, मोटरसाइकिल जद में आ गए जिससे भारी नुकसान हुआ है। बताया जाता है


कार पर गिरी पेड़ की टहनी।

कि न्यायालय परिसर में पुराना विशाल का एक पीपल का वृक्ष है। जहां दोपहर को सभी ⏭ शेष पेज 3 पर

## ट्रेलर चालक से लूट करने वाले दो आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

बांगो थाना क्षेत्र अंतर्गत बीते दिनों एक ट्रेलर चालक सलमान अंसारी, ट्रेलर चालक निवासी गढ़वा ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि 26 अप्रैल को अंबिकापुर से कोयला लोड कर रायपुर जा रहा था। रात्रि लगभग 02:00 बजे हसदेव नदी के पास ट्रेलर का प्रेशर कम होने पर उसने वाहन सड़क किनारे खड़ा किया। इसी दौरान सफेद रंग की बिना नंबर की बोलेरो वाहन में सवार दो अज्ञात व्यक्ति वहां पहुंचे और ट्रेलर चालक से वाहन के कागजात मांगते हुए गाली-गलौज एवं


पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

जान से मारने की धमकी देकर उसे कार में बैठा लिया। आरोपियों द्वारा सलमान अंसारी के पास रखे कुल 95सौ रुपये की लूट कर फरार हो गए थे। सलमान अंसारी की रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपियों के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर छानबीन किया जा रहा था। जांच के दौरान बांगों पुलिस ने तिफरा विद्युतनगर थाना सिरगिट्टी जिला बिलासपुर निवासी रौनक सिंह पिता राकेश सिंह, उम्र 20 वर्ष और कुनाल रजक पिता मनोज कुमार रजक, उम्र 19 वर्ष को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से बिना नंबर की बोलेरो वाहन एवं लूटी गई रकम में से 8सौ रुपये बरामद किए गए हैं। आरोपियों को न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया है।

### भूमि के बदले रोजगार मामलों से संबंधित शिकायतों हेतु एसईसीएल में उच्चस्तरीय समिति का गठन

## एसईसीएल ने वित्तीय वर्ष में 754 भू-स्वामियों को दिया रोजगार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एसईसीएल ने हाल ही में समाप्त वित्तीय वर्ष 2025-26 के दौरान भूमि अधिग्रहण के बदले रोजगार नीति के अंतर्गत 754 पात्र भू-स्वामियों को नियमानुसार रोजगार प्रदान किया है। इसी कड़ी में एसईसीएल ने भूमि अधिग्रहण के बदले रोजगार से संबंधित प्रक्रियाओं में पारदर्शिता एवं निष्पक्षता को और सुदृढ़ करने के उद्देश्य से एक उच्चस्तरीय स्थायी समीक्षा समिति का गठन किया है। यह कदम कंपनी की सतत सतर्कता एवं सुशासन के प्रति प्रतिबद्धता का


भूविस्थापित।

हिस्सा है। वित्तीय वर्ष 2025-26 के दौरान एसईसीएल द्वारा 300 हेक्टेयर से अधिक भूमि का अधिग्रहण किया गया है, जिसके अंतर्गत पात्र परिवारों को कंपनी की स्थापित नीतियों के अनुसार लाभ प्रदान किया जाना है। इस प्रक्रिया की विश्वसनीयता बनाए रखना कंपनी की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में है। कंपनी द्वारा जारी आदेश के तहत समिति में महाप्रबंधक (भू-राजस्व), एसईसीएल मुख्यालय, बिलासपुर को अध्यक्ष तथा महाप्रबंधक (योजना-परियोजना) एवं महाप्रबंधक (श्रमशक्ति) को सदस्य के रूप में नामित किया गया है। समिति का दायित्व प्राप्त आवेदनों एवं दस्तावेजों की जांच, शिकायतों का समयबद्ध एवं निष्पक्ष परीक्षण तथा आवश्यक अनुशंसाएं सक्षम प्राधिकारी को प्रस्तुत करना होगा।

## जमीन विवाद को लेकर जमकर मारपीट, तीन आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

जमीन विवाद को लेकर मारपीट मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। मामला पामगढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम चण्डीपारा का है।

पामगढ पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी चन्द्रशेखर सिंह ने 10 अप्रैल को थाना पामगढ़ में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उनके जमीन विवाद की रंजिश के चलते आरोपियों ने एकजुट होकर रात्रि में घर अंदर जबरन घुसकर गाली -गलौज करते हुए मारपीट की। पामगढ़ पुलिस ने तीन आरोपियों को किया गिरफ्तार भेजा गया न्यायिक रिमांड पर भेजा गया


पकड़े गए आरोपी।

है। पुलिस ने चण्डीपारा निवासी रवि बैस 33 वर्ष, संदीप बैस उम्र 36 वर्ष, संतोष बैस 56 वर्ष के विरुद्ध धारा 331 (6), 296, 351 (3), 115(2), 3(5), 324(3) के तहत कार्यवाही कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया।

खबर संक्षेप

## पिस्टल, जिंदा कारतूस व तलवार सहित दो बदमाश गिरफ्तार

**बिलासपुर।** पुलिस ने पिस्टल, जिंदा कारतूस व तलवार सहित दो बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया है। सिविल लाइन पुलिस को सूचना मिली कि एक व्यक्ति स्कूटी क्रमांक सीजी 31 ए, 9127 में नेहरू नगर गणेश चौक के पास पिस्टल रखकर घूम रहा है। पुलिस ने मौके पर घेराबंदी कर आदर्श कालोनी गौरेला हालमुकाम 27 खोली सांई मंदिर निवासी प्रखर राय पिता विजय राय 21 साल को पकड़ लिया। तलाशी लेने पर उसके पास एक पिस्टल, मैग्जीन, दो जिंदा कारतूस मिले। पुलिस ने 25 आर्म्स एक्ट के तहत पिस्टल, जिंदा कारतूस, स्कूटी जब्त कर युवक को गिरफ्तार कर लिया है। इसी तरह कोनी पुलिस के अनुसार, सूचना मिली कि मुख्यमार्ग में एक युवक हाथ में तलवार रखकर आने जाने वाले लोगों को डरा धमका रहा है, जिससे महिलाओं, स्कूली छात्र छात्राओं व कालेज के छात्र छात्राओं को आने जाने में परेशानी हो रही है। पुलिस ने मौके पर दबिश देकर बड़े कोनी निवासी अंकित कुमार यादव पिता संतोष कुमार यादव को पकड़कर तलवार बरामद कर लिया। पुलिस ने आर्म्स एक्ट के तहत उसे गिरफ्तार कर लिया है।

## ट्रैक्टर से उछलकर गिरने से बालक की मौत

ट्रैक्टर से उछलकर गिरने से एक बालक की मौत हो गई है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। पचपेड़ी टीआई राज सिंह ने बताया, मानिकचौरी खपरी निवासी यश कुमार पिता साधराम गोंड 15 साल 29 अप्रैल को ट्रैक्टर में बैठकर रोजी मजदूरी करने जा रहा था। ग्राम हरदी के पास ट्रैक्टर चालक के द्वारा तेजी से लापरवाही पूर्वक चलाने पर वह नीचे गिर गया। जिससे उसके सिर में गंभीर चोट आई। परिजन उसे इलाज के लिए मस्तूरी अस्पताल लेकर गए तो डाक्टर ने परिक्षण के बाद बालक को मृत घोषित कर दिया है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

## मार्निंगवाक पर निकली महिला ने ट्रेन से कटकर की खुदकुशी

**बिलासपुर।** बीमारी से ग्रसित महिला ने घर से मार्निंग वाक पर निकलकर ट्रेन से कटकर आत्महत्या कर ली है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। तोरवा टीआई रजनीश सिंह ने बताया, देवरीखुर्द निवासी प्रिया निषाद पति अशोक निषाद 43 साल बीमारी से ग्रसित थीं। इलाज के बाद भी स्वास्थ्य में सुधार नहीं आ रहा था। 29 अप्रैल की सुबह वे घर से मार्निंगवाक पर निकलीं और शंकरनगर रेलवे लाइन में ट्रेन के सामने कूदकर आत्महत्या कर ली। सूचना पर पुलिस ने शव पंचनामा कर पोस्टमार्टम के बाद परिजन को सौंप दिया है। पुलिस मर्ग कायम कर जांच में जुट गई है।

## स्टंट करने वाले एक्टिवा चालक गिरफ्तार

**बिलासपुर।** एक्टिवा में स्टंट करते हुए युवक युवती का वीडियो सोशल मीडिया में जोरों से वायरल हो रहा था। पुलिस ने एक्टिवा चालक के खिलाफ जुर्म दर्ज कर गाड़ी जब्त कर लिया है, साथ ही युवक को गिरफ्तार कर लिया गया है। 28 अप्रैल को सोशल मीडिया में एक युवक के एक्टिवा चलाते और दूसरा युवक गर्लफ्रेंड को उल्टा होकर गले लगातार लैला मजनू की तर्ज पर स्टंटबाजी करते वीडियो वायरल हो रहा था। उक्त वीडियो कोनी रोड का बताया जा रहा था। युवक युवती स्टंटबाजी करते हुए अश्लीलता परोस रहे थे साथ ही दूसरे लोगों का जीवनखतरे में डाल रहे थे। कोनी पुलिस ने एक्टिवा क्रमांक सीजी 10 बीक्यू, 3241 के चालक कतियापारा निवासी अर्जुन यादव पिता महेश यादव 28 साल को पकड़ लिया गया है।

केन्द्र सरकार को भेजा प्रस्ताव

प्लास्टिक, कागज, कार्डबोर्ड, धातु और कांच की श्रेणियों में अलग करते हुए बिक्री होगी

# कछार में 5 एकड़ में लगेगा एमआरएफ प्लांट, 200 से अधिक टन कचरा होगा रिसाइकिल

**बिलासपुर।** कछार में 5 एकड़ जमीन पर जल्द ही एमआरएफ (मटेरियल रिकवरी फैसलिटी, सामग्री पुनर्प्राप्ति सुविधा) प्लांट लगाया जाएगा। इसका प्रस्ताव नगर निगम की ओर से केन्द्र सरकार को भेज दिया गया है। यह प्लांट कछार में पहले से लगे सालिड वेस्ट मैनेजमेंट के सामने लगाया जाएगा।



निगम के प्रस्ताव के बाद केन्द्र से आई टीम ने जगह के साथ ही दूसरी सुविधाओं का निरीक्षण किया है। ध्यान रहे कि एमआरएफ एक अत्याधुनिक कचरा प्रबंधन केंद्र है, जहाँ सूखे और मिश्रित कचरे को वैज्ञानिक तरीके से छाटकर प्रोसेस और रिसाइकिल करता है। यह लैंडफिल (कूड़े के ढेर) को कम करने और प्लास्टिक, धातु, कागज जैसे कीमती संसाधनों को अलग कर पुनः बिक्री के योग्य बनाता है। निगम ने जो प्रस्ताव बनाया है उसके मुताबिक एमआरएफ प्लांट में 200 से अधिक टन कचरे को प्लास्टिक, कागज, कार्डबोर्ड, धातु और कांच जैसी विभिन्न श्रेणियों में अलग किया जाएगा। इसके बाद इसे गीले और सूखे कचरे का वैज्ञानिक तरीके से डिस्पोजल होगा। रिसाइकिल योग्य सामग्री को अलग करके उन्हें बेचते हुए कमाई की जाएगी। इससे लैंडफिल ( जमीन का वह हिस्सा या गड्ढा,जिसका उपयोग कचरे को व्यवस्थित रूप से दबाकर और दफन करके निपटाने के लिए किया जाता है) पर बोझ कम होगा। साथ ही शहर को साफ रखने और स्वच्छता रैंकिंग में सुधार भी होगा।

### एसएलआरएम सेंटर से पहुंचेगा कचरा

निगम ने जो प्रस्ताव बनाया है उसके तहत एमआरएफ प्लांट में कचरा शहर के विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचेगा। यह सेंटर पहले से ही शहर में चल रहे हैं। गौरतलब है कि नगर निगम सीमा क्षेत्र का वर्ष 2019 में विस्तार करते हुए 1 नगर पालिका परिषद, 2 नगर पंचायत और 15 ग्राम पंचायतों को शामिल किया गया था। नए क्षेत्रों में कचरा कलेक्शन के लिए नगर निगम ने स्वयं के टिपर वाहनों की व्यवस्था की थी। साथ ही करीब 3 वर्ष पूर्व नए क्षेत्रों से निकलने वाले कचरे से वर्मी कंपोष्ट खाद बनाने के लिए शहर के अलग-अलग क्षेत्रों में आधा दर्जन एसएलआरएम बनावाए थे।

### 35 करोड़ रुपए में लगे पहले प्लांट का क्या होगा

गौरतलब है कि कछार में ही निगम का सालिड वेस्ट मैनेजमेंट प्लांट पहले ही हैं जहां गीले और सूखे कचरे को अलग किया जाता है। इस प्लांट को लगाने में रामके ने करीब 35 करोड़ रुपए खर्च किए हैं। यहां सूखे कचरे से सीमेंट तो गीले कचरे से खाद बनाकर कंपनियों को बिक्री की जा रही है। निगम ने रामके कंपनी से 2017 में 15 सालों के लिए एग्रीमेंट किया है जो कि 2032 तक चलेगा। इसके साथ ही रोजाना 220 टन कचरा कछार के इस प्लांट में पहुंचता है जिसे शहर भर से इकठ्ठा करने के लिए रामके की 110 गाड़ियां चलती हैं। सवाल यहां यह है कि जब शहर भर का कचरा रामके के पास पहुंचता है तो नया लगने वाले एमआरएफ प्लांट में कौन सा कचरा पहुंचेगा। निगम फिलहाल 3 हजार रुपए प्रति टन कचरा डिस्पोजल का भुगतान भी रामके को कर रहा है। कंपनी के अधिकारियों का कहना है कि टैक्निकल पहलुओं पर गौर किया जा रहा है।

### 37 श्रेणियों में होगा कचरे का विभाजन

घर-घर से कचरे को एमआरएफ सेंटर लाया जाएगा। इसे 20 जैविक और 17 अजैविक श्रेणियों में विभाजित किया जाएगा। इसमें जानवरों के खाने योग्य सामग्री गायों को खिला दिया जाएगा। जैविक कचरे में से ताजा सब्ज़ियों के अवशेषों जैसे अण्डे के छिलके, संतरे के छिलके इत्यादि को अलग करके धूप में सुखाया जाएगा। बाक़ी जैविक कचरे को एक प्लेटफार्म पर इकट्ठा कर गोबर मिलाकर पैंतालिस दिन ढककर छोड़ दिया जाएगा जो ख़ाद में परिवर्तित दूसरी ओर अजैविक कचरे को कागज़, गत्ता, धातु, प्लास्टिक इत्यादि 17 श्रेणियों में अलग किया जाएगा। इनमें भी प्लास्टिक कवर को 22, प्लास्टिक आइटम 31, मेटल 5, रबड़ आइटम 8 और बोतल आयटम को 15 किस्मों में बांटा जाएगा। साथ ही कागज़ को 13 और कार्डबोर्ड 9 किस्मों के आधार पर अलग करते हुए सामग्री को उच्चतम दर तय करके बिक्री की जाएगी।

**शहर को स्वच्छ रखा जाएगा**

स्मार्ट सिटी 2.0 के तहत शहर में पूर्व से संचालित सालिड वेस्ट मैनेजमेंट को और अधिक ढंग से प्रभावी बनाया जाएगा। पूरे शहर को स्वच्छ रखने विशेष कार्ययोजना पर काम किया जाएगा। इसके तहत कचरे से बिजली बनाई जाएगी। खासकर खाद से सीएनजी तैयार करने की योजना है। शहरी क्षेत्रों में सर्कुलर अर्थ व्यवस्था हासिल करने के कचरे से खाद बनाने वाले संयंत्र और कचरे से ऊर्जा बनाने वाले संयंत्रों की स्थापना की जाएगी। आने वाले 5 वर्षों में बिलासपुर को पूरी तरीके से स्वच्छ और सुंदर बनाया जाएगा।

**- प्रकाश कुमार सर्वे,** निगम आयुक्त



बगैर अनुमति के संचालित हो रहा ईंट भट्ठा, शासकीय भूमि पर कब्जे का अंदेशा

# एयरपोर्ट के पीछे ईंट भट्ठा, खनिज विभाग को पता नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

चकरभाठा स्थित बिलासादेवी केंवट एयरपोर्ट के पीछे विगत लंबे समय से ईंट भट्ठे का संचालन किया जा रहा है, लेकिन इसके संचालन के लिए किसी भी तरह की अनुमति लिए जाने के संबंध में खनिज विभाग ने अनभिज्ञता जताई है। सूत्रों के अनुसार संचालित ईंट भट्ठा शासकीय भूमि पर खड़ा है, लेकिन इस संबंध में राजस्व विभाग को भी किसी तरह की जानकारी नहीं है।

चकरभाठा एयरपोर्ट के आसपास सेना के कब्जे वाली भूमि में कुछ लोगों के द्वारा अवैध ईंट भट्ठे का संचालन किया जा रहा है। इसके लिए खनिज विभाग से किसी भी तरह की विधिवत स्वीकृति नहीं ली गई है। क्षेत्र के लोगों के अनुसार ईंट भट्ठे का संचालन शासकीय भूमि पर अवैध तरीके से किया जा रहा है। इसके अंतर्गत कच्ची मिट्टी से ईंट बनाने के लिए काफी बड़ा क्षेत्र घेरा गया है, वहीं ईंट को पकाने के लिए भी बड़ा भट्ठा बनाया गया है। क्षेत्रवासियों के अनुसार कब्जा की गई भूमि सैन्य छावनी के लिए अधिग्रहित की गई भूमि है, जिसका सेना के द्वारा उपयोग नहीं करने की स्थिति में आसपास के लोगों के द्वारा अनुचित तरीके से अवैध कब्जा कर उपयोग किया जा रहा है।



### जांच कराई जाएगी

चकरभाठा में ईंट भट्ठे के संचालन के लिए कोई स्वीकृति तो नहीं ली गई है। इसके बाद भी ईंट भट्ठा संचालित है तो इसकी जांच करा ली जाएगी।

**-किशोर कुमार गोलघाटे**
उपसंचालक खनिज विभाग

### शिकायत नहीं मिली है

चकरभाठा एयरपोर्ट के आसपास कुछ कुम्हारों के द्वारा ईंट बनाने का काम करने की जानकारी है, लेकिन शासकीय भूमि पर अवैध तरीके से बिना अनुमति ईंट भट्ठे के संचालन जैसी कोई शिकायत नहीं मिली है। इसकी जांच करवा लेते हैं।

**-संदीप साय,** तहसीलदार बोदरी

यात्रियों के हंगामे से ट्रेनें प्रभावित

# 6 दिन में 89 यात्रियों ने की ट्रेन के एसी बंद की शिकायत

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

भीषण गर्मी में स्लीपर के बजाय ज्यादातर यात्रियों की पहली पसंद एसी कोच हो गई है, लेकिन अचानक एसी बंद होने के कारण यात्री हलाकान हो रहे हैं। इस तरह की घटना पिछले 6 दिन के दौरान बिलासपुर डिवीजन में पहुंचने वाली पांच ट्रेनों में हो चुकी है, जिसमें हलाकान यात्रियों के हंगामे ने ट्रेनों का परिचालन भी प्रभावित किया है।

गर्मी की छुट्टियां शुरु होने के साथ ही बाहर आने-जाने वाले लोगों की भीड़ शुरु हो चुकी है। इसी तरह का हाल रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म और ट्रेनों में हो चुका है। बच्चों के साथ उनके परिजन भी बाहर आना-जाना कर रहे हैं। छुट्टियों में बाहर जाने के लिए कई लोगों ने रेलवे नियम के अनुसार और ट्रेन के संबंधित तिथि से रवाना होने के दो माह पहले ही बुकिंग कर रखी है, ताकि उनका सफर आरामदायक हो सके। कई लोग ट्रेन रवाना होने के 24 घंटे पहले यानि तत्काल और प्रीमियम तत्काल का भी सहारा ले रहे हैं। वर्तमान में भीषण गर्मी ने लोगों का हाल बेहाल कर रखा है। गर्मी से बचने के लिए लोग पेड़ों की छांव ढूंढते हैं।

वहीं घर व व्यवसायिक संस्थानों में एसी कूलर पंखों का उपयोग 24 घंटे हो रहा रहा है। वहीं ट्रेनों में यात्री स्लीपर और जनरल कोच के बजाय अब एसी कोच में जाना पसंद कर रहे हैं। यात्रियों के आसपास का सफर तो ठीक रहता है, लेकिन लंबी दूरी की ट्रेनों के एसी कोच में सफर करने वाले यात्रियों का भी बुरा हाल होने लगा है। ट्रेनों के एक्सक्यूटिव थर्ड एसी, थर्ड एसी, सेकेंड एसी और फर्स्ट एसी कोच के एसी बीच रास्ते में ही खराब हो रहे हैं, जिसके कारण कोच पूरी तरह से बंद होने की वजह से यात्रियों को भी परेशानी हो रही है। इसी तरह एसी बंद होने के कारण हलाकान यात्रियों के हंगामे की घटना प्रतिदिन की हो गई है। बिलासपुर डिवीजन के बिलासपुर जोनल स्टेशन सहित अन्य स्टेशनों में आने-जाने वाली ट्रेनों के करीब 89 से अधिक यात्रियों ने पिछले 6 दिन के अंतराल में एसी बंद के कारण हंगामा मचाकर ट्रेन परिचालन प्रभावित किया है। यात्रियों की परेशानी को देखते हुए स्टेशन में तत्काल सुधार कार्य कराया जा रहा है।



**इन ट्रेनों में की गई शिकायत**

- 08867 गोंदिया से रक्सौल समर स्पेशल के 35 यात्रियों ने
- 07052 रक्सौल से तिरूपति समर स्पेशल एक्सप्रेस के 16 यात्रियों ने
- 18201 दुर्ग-नौतनवा एक्सप्रेस के 15 यात्रियों ने
- 20846 बीकानेर-बिलासपुर सुपरफास्ट एक्सप्रेस के 13 यात्रियों ने
- 12834 हावड़ा-अहमदाबाद सुपरफास्ट एक्सप्रेस के 10 यात्रियों ने

# भीषण गर्मी में पेड़ों की कटाई करने वाले आरोपी पकड़े नहीं गए

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

भीषण गर्मी और बढ़ते तापमान के बावजूद मरवाही के जंगल में सैकड़ों पेड़ों पर कुल्हाड़ी चला दी गई। इसकी जांच भी शुरु कर दी गई है, लेकिन अब तक आरोपी विभाग के हाथ नहीं लग सके हैं। दूसरी ओर रायपुर से आई टीम ने मौके पर 2 लाख 60 हजार रुपए की कटी हुई लकड़ी पड़ी मिली। वहीं दूसरे स्थान पर विभाग ने 1 लाख 75 हजार रुपए का सागौन व अन्य प्रजातियों की लकड़ी देखा, जिसका आंकलन कर्मचारियों ने नहीं किया था। इन कर्मचारियों के खिलाफ भी कार्रवाई की तैयारी हो रही है।

- **मौके पर दिखाई दी एक लाख 75 हजार की लकड़ी**

बिलासपुर वन वृत्त के गौरेला पेण्ड्रा मरवाही के जंगल की है, जहां वन माफिया और लकड़ी तस्करों ने सागौन, साल जैसे बेशकीमती पेडों की अंधाधुंध कटाई कर दी है। रायपुर मुख्यालय से स्टेट फ्लाइंग स्क्वायड की टीम ने मौके पर पहुंचकर जंगल के बीच बड़ी संख्या में पेड़ों के ठूंठ चारों ओर देखा। टीम ने सबसे पहले पीपरखूंटी बीट में पहुंचकर जांच की। जहां जंगल के अंदर सागौन व साल के 122 से अधिक ठूंठ पाए गए। टीम ने मौके पर मौजूद वन कर्मचारियों से ठूंठ की गिनती करने के अलावा कटाई कितने समय से चल रही थी, इसका भी आंकलन किया। टीम ठाढ़ पथरा, आमानाला बीट पहुंची, जहां बाहर से घना दिखाई देने वाला जंगल अंदर से उजाड़ नजर आया। प्रारंभिक जांच में पाया गया कि पेड़ों की कटाई के लिए आधुनिक इलेक्ट्रानिक आरा मशीन का उपयोग किया गया। विभागीय अफसरों के अनुसार मरवाही के जंगल में कटाई कक्ष क्रमांक 2305 में की गई है। मामले की जांच शुरु करने के साथ ही उक्त बीट के बीट गार्ड दीपक सिदार को तत्काल सस्पेंड कर दिया गया है। वहीं पेड़ों की कटाई का आंकलन किया जा रहा है। रायपुर से आई उड़नदस्ता की टीम ने मरवाही के जंगल में जांच के दौरान पेड़ों की ठूंठ और लकड़ियों के संबंध में कर्मचारियों से पूछताछ भी की गई थी। टीम को मौके पर सागौन, साल सहित अन्य प्रजातियों की लकड़ी मिली थी, जिसकी कीमत 2 लाख 60 हजार रुपए के करीब थी। इसके अलावा वहां पड़ी लकड़ियों कें संबंध में कर्मचारियों ने किसी तरह की जांच करने से मना कर दिया। इन लकड़ियों की कीमत करीब 1 लाख 75 हजार के करीब थी, कर्मचारियों ने भी मामले को दबाने की काफी कोशिश की, जिनके खिलाफ भी जांच चल रही है।



### मिला ढ़ाई घन मीटर सागौन मिला

कर्मचारियों ने पूछताछ में बताया कि गिरी पड़ी लकड़ियों को उनकी ओर से संज्ञान में नहीं लिया गया। दूसरे दिन जांच में 1 लाख 75 हजार रुपए की ढ़ाई घन मीटर सागौन की लकड़ी भी मौके पर मिली। कर्मचारियों ने भी मामले को संज्ञान में नहीं लिया। कमेटी बनाकर लकड़ी को जब्त करने के बाद पीओआर कर दिया गया है। फिलहाल रिपोर्ट के बाद लकड़ी और अन्य तथ्यों का आंकलन किया जा रहा है।

**-ग्रीष्मी चांद**
डीएफओ, मरवाही वन मंडल

## सूने मकानों में चोरी करने वाला शातिर चोर पकड़ा गया

**बिलासपुर।** मंगला क्षेत्र के दर्जनों सूने मकानों में चोरी करने वाले शातिर चोर को पकड़ने में पुलिस को सफलता मिल गई है। आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। पिछले कुछ समय से चोर गिरोह सक्रिय होकर मंगला क्षेत्र के सूने मकानों को टारगेट में बनाकर चोरी की वारदात को अंजाम देकर सोने चांदी के जेवर, नकद चोरी कर रहा था। लगातार चोरी की वारदात से पुलिस महकमा में हड़कंप मचा हुआ था। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर सिविल लाइन पुलिस चोरों के पतासाजी में जुटी हुई थी। तकनीकी साक्ष्य के माध्यम से पुलिस ने मध्य प्रदेश कटनी में दबिश देकर संदेही युवक को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। खबर है कि संदेही ने मंगला क्षेत्र में दर्जनों सूने मकान में चोरी करना स्वीकार कर लिया है। उससे चोरी गए जेवर व नकद बरामद किया जा रहा है। 30 अप्रैल को पुलिस के उच्च अधिकारियों के द्वारा मामले का खुलासा किया जाएगा।

## बिक्री कराने का झांसा देकर कार लेकर भागे दो युवक, जुर्म दर्ज

**बिलासपुर।** बिक्री कराने का झांसा देकर दो युवक एक व्यक्ति की कार लेकर भाग गए है। पुलिस धोखाधड़ी का जुर्म दर्ज कर जांच में जुट गई है।

कोतवाली पुलिस के अनुसार, कतियापारा निवासी सर्वेश कश्यप पिता स्व. रामस्वरूप कश्यप ने रिपोर्ट लिखाई। उनकी मां की तबियत खराब होने से इलाज के लिए पैसे की आवश्यकता थी, उन्होंने अपने परचित विजय उर्फ विक्की सिदारा को अपने ग्लेंजा कार क्रमांक सीजी 04 एमटी, 0027 को बेचने की इच्छा जाहिर की। विजय उर्फ विक्की सिदारा उक्त कार को बिक्री करने का आश्वासन दिया। उन्होंने अपनी कार को 5 लाख 11 हजार रुपए में बिक्री करने के लिए कहा तो वह तैयार हो गया। 7 सितंबर 2025 को विजय उर्फ विक्की सिदारा उन्हें कार के साथ रायपुर लेकर गया और संजय महानंदा से परिचित कराया। संजय महानंदा ने कार खरीदने की बात कहते हुए अपने पास रख लिया और एक दो दिन में पैसा देने का आश्वासन दिया। उसके बाद उनके बैंक खाते में 60 हजार रुपए डाला गया। शेष राशि नहीं दी गई, पैसा मांगने पर धमकी दी जा रही है। पुलिस ने उनकी रिपोर्ट पर विजय उर्फ विक्की सिदारा, संजय महानंदा के खिलाफ बीएनएस की धारा 318, 4, 3, 5 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

# घर में घुसकर महिला से मारपीट आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

घर में घुसकर महिला एवं उसकी बहन के साथ मारपीट तथा जान से मारने की धमकी देने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है, जहां से उसे न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया है।

इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार श्रीमती सुभद्रा सूर्यवंशी द्वारा थाना पामगढ़ में रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी कि 28 अप्रैल को वह अपने मकान निर्माण कार्य के तहत छत ढलाई करवा रही थी। इसी दौरान पड़ोसी आरोपी यशवंत उर्फ छोटन सूर्यवंशी उम्र 23 वर्ष निवासी दर्री से विवाद हो गया। विवाद के दौरान आरोपी ने प्रार्थिया के घर में घुसकर कर उसके एवं उसकी बहन के साथ गाली-गलौच करते हुए मारपीट की तथा जान से मारने की धमकी दी। निरीक्षक सावन कुमार सारथी थाना प्रभारी पामगढ़ नेतृत्व में पुलिस द्वारा तत्काल कार्रवाई करते हुए आरोपी को उसके निवास से पकड़ा जिसको हिरासत में लेकर आरोपी के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता की धारा 333, 296, 351(3) एवं 115(2) के तहत कार्यवाही करते हुए न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है। उपरोक्त कार्यवाही में निरीक्षक सावन सारथी थाना प्रभारी पामगढ़ , राजेश कोशले, विजय निराला आरक्षक बेदराम पटेल थाना पामगढ़ का योगदान रहा।

# जमीन विवाद को लेकर जमकर मारपीट, तीन आरोपी गिरफ्तार

जांजगीर-चांपा। जमीन विवाद को लेकर मारपीट मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। मामला पामगढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम चण्डीपारा का है। पामगढ पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी चन्द्रशेखर सिंह ने 10 अप्रैल को थाना पामगढ़ में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उनके जमीन विवाद की रंजिश के चलते आरोपियों ने एकजुट होकर रात्रि में घर अंदर जबरन घुसकर गाली - गलौज करते हुए मारपीट की। पामगढ़ पुलिस ने तीन आरोपियों को किया गिरफ्तार भेजा गया न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है। पुलिस ने चण्डीपारा निवासी रवि बैस 33 वर्ष, संदीप बैस उम्र 36 वर्ष, संतोष बैस 56 वर्ष के विरुद्ध धारा 331 (6), 296, 351 (3), 115(2), 3(5), 324(3) के तहत कार्यवाही कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया।



पकड़े गए आरोपी।

# छात्रों ने एयू का किया घेराव, मूल्यांकन को लेकर उठाए सवाल

**बिलासपुर।** अटल यूनिवर्सिटी द्वारा आयोजित सेमेस्टर परीक्षा के घोषित परिणामों को लेकर छात्रों ने बुधवार को भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन एनएसयूआई के बैनर तले यूनिवर्सिटी का घेराव किया। इस घेराव में शासकीय जेएमपी कालेज तखतपुर एवं गर्ल्स कालेज के छात्र-छात्राएं शामिल थे। छात्रों ने मांग पूरी नहीं होने पर यूनिवर्सिटी में उग्र आंदोलन की चेतावनी दी है।

अटल यूनिवर्सिटी का यह घेराव सेमेस्टर परीक्षा परिणाम में छात्रों को शून्य अंक देकर फेल किए जाने और परीक्षा में उपस्थिति के बाद अनुपस्थित दर्शाने तथा विभिन्न विषयों में केवल 1 या 2 नंबर दिए जाने के विरोध को लेकर किया गया। घेराव के दौरान छात्र-छात्राओं द्वारा जमकर नारेबाजी प्रदर्शन किया गया, जिसके चलते हंगामा की स्थिति निर्मित हो गई और यूनिवर्सिटी में पुलिस भी पहुंच गई थी। छात्र-छात्राओं द्वारा जब इस विषय को लेकर रजिस्ट्रार तारणीश गौतम से मिलने की बात कही गई तो रजिस्ट्रार से उनसे मिलने से इनकार कर दिया। इससे छात्र आक्रोशित हो गए और सीधे कुलपति प्रो. एलपी पटेरिया से मिलने पहुंचे। छात्रों ने कुलपति को अपनी समस्याओं से अवगत कराते हुए तत्काल छात्रहित में उचित कार्यवाही की मांग की। कुलपति ने छात्रों की बात सुनकर आश्वासन दिया कि सभी पीड़ित छात्र-छात्राओं की उत्तर पुस्तिकाओं का शीघ्र पुनर्मूल्यांकन कराया जाएगा तथा छात्रहित में उचित निर्णय लिया जाएगा।

### रजिस्ट्रार के साथ बहसबाजी

प्रदर्शनकारी छात्रों और कुलपति प्रो. पटेरिया के बीच बातचीत चल रही थी। इसी बीच यूनिवर्सिटी रजिस्ट्रार तारणिश गौतम और एनएसयूआई जिलाध्यक्ष रंजीत सिंह के बीच बहसबाजी हुई। रंजीत ने आरोप लगाया कि रजिस्ट्रार जैसे प्रशासनिक पद पर बैठे अधिकारी छात्रों की समस्याओं के प्रति संवेदनशील नहीं है और जिम्मेदारियों से बचने का प्रयास कर रहे हैं। छात्रों से मिलने से इनकार करना प्रशासनिक उदासीनता का उदाहरण है। इस दौरान रजिस्ट्रार श्री गौतम वहां से उठकर जाने लगे, जिससे हंगामा होने लगा और कुलपति ने हस्तक्षेप करते हुए स्थिति को संभाला। उन्होंने सभी प्रभावित छात्रों से उनकी अंकसूची जमा कराकर पुनर्मूल्यांकन की प्रक्रिया प्रारंभ कराने का आश्वासन दिया।

## खबर संक्षेप



### महिला पत्रकारों ने देखी बस्तर के बदलाव की राह की नई तस्वीर

**कोरबा।** कभी नक्सल हिंसा और भय के लिए पहचाने जाने वाला बस्तर अब बदलाव, विकास और विश्वास की नई मिसाल बनता नजर आ रहा है। इस बदले हुए बस्तर को करीब से देखने और समझने के लिए कोरबा की महिला पत्रकारों की टीम ने हाल ही में बस्तर का दौरा किया। यात्रा से लौटने के बाद पत्रकारों ने अपने अनुभव साझा करते हुए बताया कि अब बस्तर में शांति, विकास और जनविश्वास का नया वातावरण स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहा है। दौरे के दौरान महिला पत्रकारों की टीम की मुलाकात बस्तर आईजी सुंदरराज पी से हुई। उन्होंने जानकारी दी कि केंद्र और राज्य सरकार की सशक्त नीति, सुरक्षा बलों की सतत कार्रवाई और ग्रामीणों के बीच विश्वास कायम करने के प्रयासों से नक्सल प्रभाव में लगातार कमी आई है। उन्होंने बताया कि अब बड़ी संख्या में लोग आत्मसमर्पण कर समाज की मुख्यधारा से जुड़ रहे हैं। इस दौरान मुस्कान भंडारी, प्रतिमा सरकार, रेणु जायसवाल, रजनी चौहान, आशा ठाकुर सहित अन्य शामिल रहीं।

### सीएसपीडीसीएल कर्मियों को मिलेगा 1 करोड़ से अधिक का बीमा लाभ



**कोरबा।** छग स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड कर्मियों को एक करोड़ साठ लाख तक दुर्घटना बीमा सहित कई अन्य बैंकिंग सुविधाएं मिलने जा रही हैं।भारतीय स्टेट बैंक के साथ इस संबंध में डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी ने एक महत्वपूर्ण समझौता किया है। इसके तहत कंपनी के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को उन्नत बैंकिंग सुविधाओं के साथ ही साथ व्यापक बीमा सुरक्षा प्रदान की जाएगी। अनुबंध पत्र पर हस्ताक्षर कंपनी के प्रबंध निदेशक भीम सिंह कंवर की उपस्थिति में किया गया। पॉवर कंपनी मुख्यालय सेवा भवन में पॉवर कंपनी की ओर से महाप्रबंधक नवीन कुमार ठाकुर एवं एसबीआई के उप महाप्रबंधक राकेश कुमार सिन्हा ने अनुबंध पत्र पर हस्ताक्षर किए। सीएसपीडीसीएल के महाप्रबंधक श्री ठाकुर ने बताया कि स्टेट बैंक में कंपनी के जिन अधिकारी-कर्मचारियों का सैलरी पैकेज प्लान होगा उन्हें एक करोड़ रुपए तक का पर्सनल एक्सीडेंट बीमा, एक करोड़ 60 लाख रुपए तक का एयर एक्सीडेंट बीमा, एक करोड़ तक का स्थायी दिव्यांगता कवर तथा 80 लाख रुपए तक का आंशिक दिव्यांगता कवर मिलेगा। इसके अतिरिक्त एसबीआई के रूपे डेबिट कार्ड के माध्यम से 10 लाख रुपए तक का पर्सनल एक्सीडेंट कवर तथा श्रेणी के अनुसार 50 लाख से 1 करोड़ रुपए तक का एयर एक्सीडेंट बीमा भी उपलब्ध होगा।

### भाजपा सांस्कृतिक प्रकोष्ठ की प्रथम परिचयात्मक बैठक

**कोरबा।** भाजपा सांस्कृतिक प्रकोष्ठ की जिला संयोजिका डॉ. अंजना सिंह द्वारा उनके निवास पर सांस्कृतिक प्रकोष्ठ की प्रथम परिचयात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक में सांस्कृतिक प्रकोष्ठ के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने भाग लिया। इसमें प्रमुख रूप से डॉ. अंजना सिंह जिला संयोजिका, धनसाय साहू सह संयोजक, संदीप शर्म कार्य प्रभारी, गजाधर साहू कार्यकारिणी सदस्य, सियाराम चंद्रा कार्यालय प्रभारी, पुरुषोत्तम महंत कार्यकारिणी सदस्य, गुरुदयाल मानिकपुरी कार्यकारिणी सदस्य, श्याम यादव कार्यकारिणी सदस्य, जितेंद्र कुमार वर्मा सोशल मीडिया प्रभारी, रामकुमार पटेल अखाड़ा प्रमुख बजरंग दल, घनश्याम श्रीवास कार्यकारिणी सदस्य, मीना भैंसार कार्यकारिणी सदस्य, रीता राजवाड़े मीडिया सह प्रभारी तथा मधु मिश्रा सोशल मीडिया सह प्रभारी उपस्थित रहे।बैठक में अतिथि के रूप में श्री जोशी जी, श्री दीपनारायण सोनी (शक्ति केंद्र प्रभारी), श्रीमती चंचला राठौर (शक्ति केंद्र संयोजक) एवं पूर्व महिला मोर्चा मंडल अध्यक्ष श्रीमती अर्चना रूनीझा जी विशेष रूप से उपस्थित रहीं।

## पृष्ठ 1 का शेष

### पीपल वृक्ष...

लोग रोज की तरह पीपल पेड़ के नीचे ही अपनी चार पहिया वाहन व मोटरसाइकिल को खड़ा करते हैं कि इसी दौरान पीपल पेड़ अचानक धाराशाही होकर गिर गया और सीधे चार पहिया, मोटरसाइकिल को अपनी जद में लिया। घटना के होते ही अधिवक्ता सख्ते में आ गए थे पहले तो समझ नहीं पाए कि आखिर यह हुआ क्या है क्योंकि बिना आंधी तूफान के यह पेड़ धाराशाही हुई थी जिसके बाद घटना के होते ही बड़ी संख्या में अधिवक्ता व आम लोग मौके पर पहुंचे और पेड़ की टहनियों के नीचे दबे गाड़ियों को बाहर निकला गया। घटना का सुखद पहलु यह रहा कि किसी को चोट नहीं लगी।

आपदा से निपटने की गई तैयारी

# बालको संयंत्र में केमिकल स्पिलेज से निपटने के लिए किया गया मॉकड्रिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



मॉक ड्रील में शामिल बालको के अधिकारी कर्मचारी व अन्य।

कलेक्टर कुणाल दुदावत के निर्देशानुसार बालको संयंत्र में रासायनिक रिसाव (केमिकल स्पिलेज) की संभावित आपदा से निपटने के उद्देश्य से व्यापक मॉक ड्रिल का सफल आयोजन किया गया। यह मॉक ड्रिल पावर डिवीजन अंतर्गत 1200 मेगावाट यूनिट-3 एवं 4 के केमिकल प्रोसेस यूनिट (सीपीयू) स्थित कास्टिक सोडा टैंक क्षेत्र में आयोजित की गई। इस ड्रिल का उद्देश्य आपातकालीन तैयारी की समीक्षा, त्वरित प्रतिक्रिया तंत्र की जांच तथा विभिन्न दलों के समन्वय एवं संचार प्रणाली का परीक्षण करना था।

केंद्र सरकार के राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, नई दिल्ली द्वारा औद्योगिक आपदाओं की रोकथाम और प्रबंधन को सशक्त करने हेतु राज्य में मॉक ड्रिल आयोजित करने के निर्देश जारी किए गए थे। इन्हीं निर्देशों के पालन में जिला प्रशासन कोरबा की उपस्थिति में आज यह मॉक ड्रिल संपन्न हुई। मॉक ड्रिल के दौरान जिला प्रशासन एवं संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। इनमें अपर कलेक्टर देवेंद्र पटेल, एसडीएम सरोज महिलांगे, डिप्टी डायरेक्टर इंडस्ट्रियल हेल्थ एंड सेफ्टी विजय सिंह पोटाई, जिला खनिज अधिकारी प्रमोद नायक, सब डिवीजनल ऑफिसर पीडब्ल्यूडी राकेश द्विवेदी, असिस्टेंट इंजीनियर पीडब्ल्यूडी श्रीमती नम्रता वर्मा, नगर निगम फायर टीम तथा जिला अस्पताल की आपातकालीन मेडिकल टीम शामिल रही। कंपनी की ओर से आपातकालीन प्रबंधन व्यवस्था का नेतृत्व मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं निदेशक राजेश कुमार (चीफ इंसिडेंट कंट्रोलर), गीत साहू (साइट इंसिडेंट कंट्रोलर), मयंक श्रीवास्तव (वर्क इंसिडेंट कंट्रोलर) तथा भारतेंदु कमल पांडे (चीफ सिक्योरिटी ऑफिसर) द्वारा किया गया।

### रिसाव पर सेंट्रल कंट्रोल रूम को दी गई सूचना

अभ्यास के दौरान कास्टिक सोडा टैंक के फ्लैंज से रिसाव की आभासी स्थिति तैयार की गई। रिसाव का पता लगते ही ऑपरेटर द्वारा तुरंत सेंट्रल कंट्रोल रूम को सूचना दी गई, जिसके उपरांत फायर, मेडिकल, सिक्योरिटी एवं रेस्क्यू टीमों को त्वरित अलर्ट जारी किया गया। सभी टीमें निर्धारित समयावधि में घटनास्थल पर पहुँचीं और मानक संचालन प्रक्रिया के अनुरूप रिसाव को नियंत्रित किया गया। प्रभावित क्षेत्र को सुरक्षित कर स्थिति सामान्य होने के पश्चात साइट इंसिडेंट कंट्रोलर द्वारा आपातकाल समाप्त घोषित किया गया तथा समीक्षा बैठक आयोजित की गई। डिप्टी डायरेक्टर इंडस्ट्रियल हेल्थ एंड सेफ्टी श्री विजय सिंह पोटाई ने कहा कि बालको संयंत्र में सुरक्षा व्यवस्था मजबूत है और आपातकालीन प्रतिक्रिया तंत्र प्रभावी ढंग से कार्य कर रहा है। उन्होंने विभिन्न टीमों के बीच बेहतर समन्वय एवं त्वरित कार्रवाई की सराहना की और कहा कि इस प्रकार की मॉक ड्रिल औद्योगिक सुरक्षा एवं जनसुरक्षा सुनिश्चित करने में अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं।

# शासकीय हाईस्कूल स्याहीमुड़ी ने दिया शत प्रतिशत परिणाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

बुधवार को छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा आयोजित 10वीं परीक्षा का रिजल्ट जारी हुआ। जेलगांव क्षेत्र में स्थित हाईस्कूल, स्याहीमुड़ी का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा। शासकीय हाईस्कूल, स्याहीमुड़ी से 10वीं बोर्ड परीक्षा में कुल 38 परीक्षार्थी सम्मिलित हुए थे। सभी 38 परीक्षार्थी उत्तीर्ण हुए हैं। यानी परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत आया है। प्रथम श्रेणी से 20 तथा द्वितीय श्रेणी में 18 छात्र उतीर्ण हुए हैं। किसी भी विद्यालय के लिए यह मायने रखता है कि उसके शत प्रतिशत छात्र परीक्षा में सफलता प्राप्त करें। शासकीय हाईस्कूल, स्याहीमुड़ी की प्राचार्य डा. फरहाना अली के नेतृत्व में यह संभव हो सका है। शासकीय हाईस्कूल, स्याहीमुड़ी अध्यापन कार्य में अव्वल है ही, यह विद्यालय अन्य गतिविधियों में भी सक्रिय भागीदारी के लिए जाना जाता है। विज्ञान, प्रकृति एवं पर्यावरण, स्काउट गाइड, सांस्कृतिक सहित अन्य कार्यक्रमों में इस विद्यालय के छात्रों की नियमित और सक्रिय भागीदारी होती है। प्राचार्य डा. फरहाना अली कहती हैं, छात्रों का समावेशी विकास बेहद जरूरी है।

# सरस्वती शिशु मंदिर का परीक्षा परिणाम रहा उत्कृष्ट



छात्राओं को पुरुस्कृत करते अतिथि।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

सरस्वती शिशु मंदिर उच्च माध्य. विद्यालय सी.एस.ई.बी. कोरबा पूर्व के कक्षा नर्सरी से चतुर्थ पूर्व माध्यमिक एवं कक्षा नवम तथा एकादश का स्थानीय वार्षिक परीक्षाफल की घोषणा 28 अप्रैल को की गई। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा माँ सरस्वती के छायाचित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन कर किया गया। मुख्य अतिथि जोगेश लाम्बा (व्यवस्थापक/सचिव, सरस्वती शिक्षा समिति कोरबा) कार्यक्रम के अध्यक्ष श्यामसुन्दर अग्रवाल (उपाध्यक्ष, सरस्वती शिक्षा समिति कोरबा) तथा विशिष्ट अतिथि के रूप उपस्थित विकास जोशी का स्वागत विद्यालय के प्रधानाचार्य द्वारा रोली, तिलक एवं श्रीफल भेंट कर स्वागत किया गया। तत्पश्चात विद्यालय के प्राचार्य द्वारा परीक्षाफल प्रतिवेदन प्रस्तुत कर परीक्षाफल की घोषणा की गई।

विद्यालय का परीक्षाफल कक्षा नर्सरी से चतुर्थ एवं षष्ठम्, सप्तम, नवम् तथा एकादश का कुल परीक्षाफल 90 प्रतिशत रहा है। कक्षा नर्सरी से चतुर्थ, षष्ठम्, सप्तम्, नवम एवं एकादश तक प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त भैया/बहिनों को मंचासीन अतिथियों द्वारा पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान कुरुक्षेत्र हरियाणा द्वारा आयोजित संस्कृति ज्ञान परीक्षा, आदर्श छात्र, शतप्रतिशत उपस्थिति, राष्ट्रीय खेलकूद, संस्कृति महोत्सव एवं विविध प्रतियोगिता में सफलता प्राप्त छात्रों को विशिष्ट पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि ने कहा कि वर्षभर के मेहनत के बाद परीक्षाफल उत्तम हो छात्र के साथ-साथ परिवार के सदस्यों को भी अपेक्षा रहता है। हमारे सभी आचार्यगण समय-समय पर बच्चों के सभी कठिनाईयों का निवारण करते हैं। एक निर्धारित समय सारिणी के अनुसार पढ़ाई करें। साथ ही अभिभावकों को भी बच्चों दिनचर्या एवं पढ़ाई समय सारिणी पर बीच-बीच में निगरानी करनी चाहिए। इससे सफलता अवश्य मिलता है तथा अपने जीवन में अपने लक्ष्य तक आसानी से पहुंचा जा सकता है।

# एक दिवसीय वर्कशॉप के जरिए अपडेट हुए जिले के स्काउट गाइड लीडर्स

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



कार्यक्रम में उपस्थित स्काउड गाईड लीडर।

**खास बात**

- बिलासपुर में आयोजित हुई कार्शाला, तीन जिलों के लीडर्स पहुचे

बिलासपुर में आयोजित हुई एक दिवसीय स्काउटर- गाइडर कार्यशाला में कोरबा जिले से 25 लीडर्स सम्मिलित हुए। कार्यशाला में नवीन राज्य पुरस्कार योजना को लेकर विस्तृत जानकारी दी गई। भारत स्काउट्स एवं गाइड्स, छत्तीसगढ़ राज्य मुख्यालय द्वारा 27 से 29 अप्रेल तक राज्य के अलग- अलग जिलों में स्काउटर-गाइडर कार्यशालाओं का आयोजन किया गया।

बिलासपुर में आयोजित कार्यशाला में बिलासपुर, कोरबा एवं जांजगीर चांपा जिले के लीडर्स ने भागीदारी की। कोरबा जिले से 25 लीडर्स कार्यशाला में सम्मिलित हुए। वर्कशॉप के लीडर ऑफ कोर्स एवं राज्य मुख्यालय आयुक्त शैलेन्द्र कुमार मिश्रा ने राज्य पुरस्कार, व्यस्क प्रशिक्षण को लेकर विस्तार से जानकारी दी और नए दिशा निर्देशों से भी लीडर्स को अवगत कराया। श्री मिश्रा ने लीडर्स से सीधे संवाद स्थापित करते हुए बेसिक यूनिट लीडर कोर्स एवं कार्यक्रमों पर सुझाव भी लिए। छत्तीसगढ़ मेंबरशिप ग्रोथ के स्टेट कोऑर्डिनेटर एवं जिला मुख्य आयुक्त मोहम्मद सादिक शेख ने सदस्यता वृद्धि और जिलों के लक्ष्य तथा विजन 2034 की रणनीतिक कार्ययोजना की भी जानकारी दी। श्री शेख ने रोचक तरीके से न्यू यूथ प्रोग्राम से लीडर्स को अवगत कराया। कोरबा के डीओसी द्वय डीगम्बर सिंह कौशिक, उत्तरा मानिकपुरी ने वारंट चार्टर, ऑनलाइन यूथ मैनेजमेंट सिस्टम, राज्य पुरस्कार में किए जा रहे बदलाव, गणवेश, नवीन बैज आदि की जानकारी दी। कार्यशाला में राज्य मुख्यालय आयुक्त रविश गुप्ता, डीईओ, बिलासपुर विजय कुमार टांडे, संयुक्त राज्य सचिव बीना यादव, सहायक राज्य आयुक्त विजय यादव की प्रमुख रूप से उपस्थिति रही तथा जिला सचिव भरत सिंह वर्मा, डीओसी द्वय उत्तरा मानिकपुरी, डीगम्बर सिंह कौशिक, एसआर अमित, प्रीतम लाल राजवाड़े, भागीरथी श्रीवास, भूपेंद्र वर्मा, राकेश टंडन, राजीव कुमार साहू, मनराखन अगरिया, संतोष कुमार दिनकर, लोकनाथ सेन, नमिता कड़वे, पूर्णिमा भट्टाचार्य, रेणु श्रीवास्तव, उमेश्वरी राज, अनीता खलखो, बसंती पटेल, नील कुमारी राज, सावित्री पुलस्त, नमिता कुर्रे, आसमा कुरैशी, सविता लता, ललिता तिवारी ने भागीदारी निभाई।

### कल होगी भव्य हसदेव आरती

**कोरबा।** जिले की जीवनदायिनी हसदेव नदी और उससे जुड़ी सहायक नदियों के संरक्षण एवं स्वच्छता को लेकर नमामि हसदेव सेवा समिति लगातार जनजागरण और सेवा कार्यों में जुटी हुई है। समिति द्वारा हसदेव नदी, उसकी सहायक नदियों तथा अन्य प्राकृतिक जल स्त्रोतों के प्रदूषण को कम करने, संरक्षण करने और तटों के सौन्दर्यीकरण का कार्य किया जा रहा है। इसी उद्देश्य को जनभागीदारी से मजबूत बनाने के लिए प्रत्येक माह की पूर्णिमा पर माँ सर्वमंगला मंदिर घाट में सायं 6 बजे हसदेव आरती का आयोजन किया जाता है। इसी कड़ी में वैशाख पूर्णिमा के पावन अवसर पर 1 मई को शाम 6 बजे माँ सर्वमंगला मंदिर घाट में भव्य हसदेव आरती का आयोजन किया जाएगा। इस आयोजन का उद्देश्य नदी संरक्षण के प्रति लोगों में जागरूकता बढ़ाना और प्रकृति के प्रति आस्था एवं जिम्मेदारी का भाव जगाना है।

# बिना वैध पर्चे के विक्रय ना करें डायबिटीज में उपचार होने वाली दवाइयां: दुदावत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



मेडिकल में जांच करते स्वास्थ्य विभाग की टीम।

सही दवा- शुद्ध आहार यही छत्तीसगढ़ का आधार इस थीम के अंतर्गत 27 अप्रैल से 11 मई के बीच 15 दिवसीय सघन जांच अभियान की शुरुआत जिले में की गई है।

**खास बात**

- सही दवा शुद्ध आहार यही छत्तीसगढ़ का आधार इस थीम पर चल रहा सघन जांच अभियान

कोरबा में जनस्वास्थ्य की सुरक्षा एवं गुणवत्तायुक्त औषधियों की उपलब्धता सुनिश्चित करने हेतु संचालित अभियान के अंतर्गत चरण-1 की कार्यवाही जारी है। यह अभियान सचिव स्वास्थ्य एवं नियंत्रक के आदेशानुसार, कलेक्टर कुणाल दुदावत द्वारा गठित दल के द्वारा सहायक औषधि नियंत्रक के मार्गदर्शन में जिले के विभिन्न क्षेत्रों में सघन रूप से चलाया गया।

अभियान के अंतर्गत द्वितीय एवं तृतीय दिवस में जिला कोरबा के खाद्य एवं औषधि प्रशासन के औषधि प्रकोष्ठ से सहायक औषधि नियंत्रक महेंद्र कुमार देवांगन, औषधि निरीक्षक सुनील सांडे, ऋषि साहू एवं वीरेंद्र भगत, राजस्व विभाग एवं पुलिस विभाग की संयुक्त टीम के साथ विभिन्न क्षेत्रों में स्थित थोक एवं चिल्हर दवा विक्रेताओं का व्यापक रूप से निरीक्षण किया गया। इस दौरान कुल 15 थोक औषधि प्रतिष्ठानों एवं 18 खुदरा औषधि फर्मों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान औषधियों की गुणवत्ता, भंडारण व्यवस्था, तापमान नियंत्रण, एक्सपायरी प्रबंधन, क्रय-विक्रय अभिलेख, लाइसेंस की वैधता एवं अन्य वैधानिक प्रावधानों के अनुपालन की गहन जांच की गई। साथ ही यह भी सुनिश्चित किया गया कि औषधियों का विक्रय निर्धारित नियमों एवं मानकों के अनुरूप ही किया जा रहा है। थोक विक्रेताओं को राज्य से बाहर औषधि खरीदी के संबंध में दिशा-निर्देश दिए गए एवं चिल्हर विक्रेताओं को डायबिटीज में उपचार हेतु प्रयुक्त की जाने वाली औषधि जीएलपी-1 वर्ग के स्व-औषधि सेवन के दुरुपयोग को रोकने हेतु बिना वैध पर्चे के विक्रय नहीं करने कहा गया। साथ ही एच-1 श्रेणी की औषधियों के विक्रय के संधारित रजिस्टर की जांच की गई।

### इन संस्थानों का हुआ निरीक्षण

सीतामढ़ी कोरबा स्थित मां मेडिकल एजेंसी, लक्ष्य फार्मा, पुराना बस स्टैंड स्थित प्रज्ञा सेल्स, एम.एस. एंटरप्राइसेस, श्याम सेल्स, कोतवाली के पास, निहारिका कोरबा स्थित आरव एजेंसी, गायत्री मेडिको, कोरबा सर्जिकल, अमर मेडिको, दीपका स्थित गीता मेडिकल स्टोर्स, एम.के. मेडिकोज, गेवरा बस्ती स्थित लाइफ केयर, अजय मेडिकल स्टोर्स, बुधवारी बायपास स्थित सिरोठिया एजेंसी, अंबिका मेडिको सर्जिको तथा खुदरा में राय मेडिकल स्टोर्स रिस्दी, सोनी मेडिकल स्टोर्स (पीजी कॉलेज के पास), ओम मेडिकोज खरमोरा, गरिमा मेडिकोज (कोसाबाड़ी चौक), पोद्दार मेडिकल स्टोर्स, ज्योति मेडिकल स्टोर्स, दीप मेडिकल, निहारिका रोड स्थित आद्या मेडिकल, अपोलो फार्मेसी, गरिमा मेडिकोज, एनकेएच मेडिजोन, जय मेडिकल, बरपाली स्थित शांति मेडिकल स्टोर्स, वेद मेडिकल स्टोर्स, निशा मेडिकल स्टोर्स, सरगबुंदिया स्थित प्रीति मेडिकल स्टोर्स, दीपका स्थित आरुष मेडिकल स्टोर्स, अंबिका मेडिकल स्टोर्स में किया गया तथा गीता मेडिकल एवं अपोलो फार्मेसी में अनियमितता मिलने पर नियमानुसार विधिक कार्यवाही प्रारंभ की जा रही है।

# सम्मान व सरस काव्य गोष्ठी



अतिथि को स्मृति चिन्ह भेंट करते।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

मुकुटधर साहित्य समिति के तत्वावधान में समिति के सचिव एवं अंचल के ख्यातिलब्ध गीतकार तथा उत्कृष्ट शिक्षक डॉ. कृष्णकुमार चंद्रा की शैक्षणिक सेवा से सेवानिवृत्ति के अवसर पर मुकुटधर पांडे साहित्य भवन में सम्मान समारोह एवं सरस काव्य गोष्ठी का भव्य आयोजन किया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता समिति के संरक्षक वरिष्ठ ग़ज़लकार जनाब युनूस दानियालपुरी ने की। मंच पर डॉ. के. के. चंद्रा के साथ समिति के संरक्षक एवं वरिष्ठ पत्रकार कमलेश यादव, समिति अध्यक्ष दिलीप अग्रवाल, वरिष्ठ साहित्यकार एम. आर. राव, उत्तरा चंद्रा तथा डॉ. अंजना सिंह ठाकुर विराजमान रहे। मां सरस्वती की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलन एवं माल्यार्पण के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। कविता जैन एवं अनुसुइया श्रीवास ने मां शारदे की वंदना प्रस्तुत की। तत्पश्चात मंचासीन अतिथियों का बैज एवं पुष्पगुच्छ से अभिनंदन किया गया। समारोह में उपस्थित साहित्यकारों ने डॉ. चंद्रा के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर अपने विचार व्यक्त किए। डॉ. कृष्ण कुमार चंद्रा ने भी अपने आत्मीय भाव को साहित्यकारों के मध्य व्यक्त किया। समिति की ओर से उन्हें अभिनंदन पत्र, शाल, श्रीफल एवं पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मानित किया गया। अन्य साहित्यकारों ने भी विभिन्न भेंट एवं उपहार अर्पित कर आत्मीय अभिनंदन किया। समिति के कोषाध्यक्ष जीतेन्द्र कुमार वर्मा ने चंद्रा को समर्पित अपनी काव्य पंक्तियों को फ्रेम में सजाकर भेंट किया। विमल कुमार मानिकपुरी ने मां शारदे की प्रतिमा एवं शाल-श्रीफल भेंट किया। इस अवसर पर केक काटकर इस पल को और भी आत्मीय बनाया गया।

## पलाश का फूल बना वनवासियों के लिए अतिरिक्त आय का साधन

**कोरबा।** बसंत की हल्की आहट के साथ ही जब हवा में एक अलग-सी सुगंध घुलने लगती है, तब जंगलों का रंग अचानक बदल जाता है। हरियाली के बीच एक तेज, चमकदार नारंगी-लाल रंग उभरता है,यह है पलाश। जिसे लोग ढाक, टेसू या फ्लेम आफ दी फारेस्ट के नाम से जानते हैं। दूर से निहारें तो ऐसा प्रतीत होता है मानो जंगल सचमुच आग की लपटों में सिमटकर भी मुस्कुरा रहा हो। पर पलाश केवल एक सुंदर दृश्य नहीं है। यह छत्तीसगढ़ के आदिवासी जीवन की धड़कन है, रोजगार का साधन, परंपरा का हिस्सा, औषधि का स्त्रोत और आत्मसम्मान की पहचान। कोरबा के जंगलों में पलाश की अपनी अलग ही छटा है। जब इसका मौसम आता है, तो ये फूल पेड़ों पर ही नहीं, जमीन पर भी बिखरकर प्रकृति की रंगोली रच देते हैं। जहां-जहां ये खिलते हैं, वहां सिर्फ सुंदरता नहीं, बल्कि संभावनाएं भी जन्म लेती हैं। अब पलाश केवल जंगल की शोभा नहीं रहा, बल्कि जंगल वासियों के जीवन में उजाला भरने वाला माध्यम बन चुका है। हर बसंत के साथ जब ये फूल खिलते हैं, तो उनके साथ ही खिलती है नई उम्मीद।



## खबर संक्षेप



### एएसपी ने ट्रांसपोर्टरों एवं बालको प्रबंधन की ली संयुक्त बैठक

**कोरबा।** थाना बालको नगर क्षेत्रांतर्गत बालको के ट्रांसपोर्टरों एवं बालको प्रबंधन की संयुक्त बैठक आयोजित की गई। बैठक अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक लखन पटेल द्वारा ली गई। जिसमें सीएसपी प्रतीक चतुर्वेदी एवं थाना प्रभारी बालको युवराज तिवारी उपस्थित रहे। सजग कोरबा, सतर्क कोरबा अभियान के तहत आयोजित बैठक में ट्रांसपोर्टरों को यातायात नियमों का कड़ाई से पालन करने हेतु निर्देशित किया गया। विशेष रूप से भारी वाहनों में सुरक्षा मानकों का पालन एवं रात्रि दुर्घटनाओं की रोकथाम हेतु वाहनों के पीछे अनिवार्य रूप से रेडियमलगाने के निर्देश दिए गए। इसके अलावा आगामी दिनों में विशेष अभियान चलाकर सघन चेकिंग एवं वैधानिक कार्यवाही की जाएगी। नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों/मालिकों के विरुद्ध चालानी कार्यवाही की जाएगी। यातायात नियमों का पालन नहीं करने पर ड्राइविंग लाइसेंस निलंबन हेतु सक्षम प्राधिकारी को प्रस्ताव भेजा जाएगा।

### जिला सराफा अध्यक्ष के नेतृत्व में थाना प्रभारी से की मुलाकात



**कोरबा।** मंगलवार को रामपुर थाना प्रभारी आस्था शर्मा एवं सीएसपी प्रतीक चतुर्वेदी से जिला सराफा अध्यक्ष रामकुमार सोनी अश्वनी सोनी अखिल देवॉगन ने सौजन्य मुलाकात किया। इस दौरान जिला सराफा अध्यक्ष ने दिव्या जवेलर्स के उठाईगीरी मामले पर चोरों को पकड़ने और चोरी गए सभी सामानों की बरामदगी के लिये आभार जताया। थाना प्रभारी आस्था शर्मा ने चर्चा के दौरान बताया कि उनकी टीम की सक्रियता सीएसपी साहब का मार्गदर्शन सीसीटीवी फ़ुटेज के सहयोग से हमें चोरों तक पहुँचने में सफलता मिली। साथ ही सभी जवेलर्स के लिये सतर्कता बरतने सीसीटीवी लगाने और अपने दुकान के बाहर सड़क पर नज़र रखने दोनों ओर कैमरा लगाने सुझाव दिया गया।

### परमेश्वर एवं श्याम बने हरदीबाजार मंडल के उपाध्यक्ष





**हरदीबाजार।** भारतीय जनता पार्टी प्रदेश संगठन के निर्देश अनुसार भाजपा जिला अध्यक्ष गोपाल गोपाल मोदी के अनुमोदन एवं ओबीसी मोर्चा जिला अध्यक्ष विजय राठौर की अनुशंसा से व हरदीबाजार मंडल अध्यक्ष कृष्णा पटेल, ओबीसी मोर्चा मंडल अध्यक्ष प्रभाकर कौशिक की सहमति से ओबीसी मोर्चा हरदीबाजार मंडल का उपाध्यक्ष परमेश्वर निर्मलकर को बनाया गया है। वहीं भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा हरदीबाजार मंडल उपाध्यक्ष श्याम राठौर को बनाया गया। श्याम राठौर के उपाध्यक्ष बनने पर कार्यकर्ताओं में उत्साह के साथ संगठन को मजबूती मिलेगी।

### एसईसीएल कर्मी की गाड़ी पर पथराव

**कोरबा।** भारतमाला रोड पर सोमवार देर रात एक चलती कार पर पथराव किया गया। लूट के इरादे से बदमाशों ने इस घटना को अंजाम दिया। मानिकपुर निवासी एक परिवार इस हमले में बाल-बाल बच गया। एक सप्ताह के भीतर यह दूसरी ऐसी घटना है। मानिकपुर चौकी क्षेत्र के एसईसीएल निवासी जितेंद्र सोनी अपने दोस्त के साथ बिलासपुर से लौट रहे थे। बिलासपुर के आगे भारतमाला मुख्य मार्ग पर कुछ युवकों ने उनकी चलती कार पर अचानक पत्थर फेंकना शुरू कर दिया। जितेंद्र ने गाड़ी नहीं रोकी और सीधे कोरबा के सर्वमंगला पहुंचकर रुके।

# महिला आरक्षण बिल पर भिड़े सत्ता पक्ष और विपक्ष के पार्षद

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

पंडित जवाहरलाल नेहरू सभागार में आयोजित नगर निगम का विशेष सम्मिलन हंगामे की भेंट चढ़ गया। महिला आरक्षण बिल के मुद्दे पर सत्ता पक्ष और विपक्ष के पार्षदों के बीच जमकर तीखी नोकझोंक हुई। जहाँ सत्ता पक्ष ने कांग्रेस पर महिला विरोधी होने का आरोप लगाया, वहीं विपक्ष ने वर्तमान बिल को लागू करने की प्रक्रिया पर सवाल खड़े किए।

सभापति नूतन सिंह ठाकुर ने जानकारी दी कि सम्मिलन में मुख्य रूप से दो प्रस्तावों पर चर्चा की गई और उन्हें पारित किया गया। महापौर द्वारा महिला आरक्षण बिल का विरोध करने वाले दलों के खिलाफ लाया गया। निर्दलीय पार्षद दल द्वारा सभी सदनों में महिलाओं के लिए 50 प्रतिशत आरक्षण लागू करने का प्रस्ताव रखा गया। महापौर संजूदेवी राजपूत ने विपक्षी दलों पर

**निगम के विशेष सम्मेलन में हुआ हंगामा**



कड़ा प्रहार करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी महिला सशक्तिकरण के लिए ऐतिहासिक कदम उठा रहे हैं लेकिन कांग्रेस और उसके सहयोगी दल हमेशा इसमें रोड़ा अटकाते हैं। उन्होंने तीन तलाक का उदाहरण देते हुए कहा कि विपक्षी दल केवल राजनीति कर रहे हैं। महापौर ने तर्क दिया कि यदि नए परिसीमन से महिलाओं को अधिक प्रतिनिधित्व मिलता है, तो विपक्ष को इसमें आपत्ति नहीं होनी चाहिए। पार्षद और कांग्रेस जिला अध्यक्ष मुकेश राठौर ने सरकार की मंशा पर सवाल उठाते हुए कहा कि जब वर्ष 2023 में महिला आरक्षण बिल पास हो चुका है और राष्ट्रपति का अनुमोदन भी मिल गया है, तो उसे तत्काल लागू क्यों नहीं किया जा रहा? नए परिसीमन और जनगणना के नाम पर इसे लटकाया जा रहा है। क्या सरकार ने इसके लिए कोई आवश्यक सर्वे पूरा किया है? वहीं विशेष सम्मिलन के दौरान सदन का माहौल काफी गर्म रहा। दोनों ही पक्षों ने एक-दूसरे के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। सत्ता पक्ष जहाँ इसे मोदी सरकार की बड़ी उपलब्धि बता रहा है, वहीं विपक्ष इसे चुनावी स्टंट करार देते हुए जनगणना और परिसीमन की पेचीदगियों पर घेराबंदी कर रहा है।

## आयुक्त ने सुशासन तिहार शिविरों के आयोजन हेतु जारी किया आदेश

# निगम के सभी जोन में सुशासन तिहार, समस्याओं का होगा निदान

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

सुशासन तिहार-2025 का आगाज 1 मई से होने जा रहा है, नगर पालिक निगम द्वारा सुशासन तिहार का वृहद आयोजन अपने सभी जोन में क्रमबद्ध रूप से निर्धारित तिथियों में किया जायेगा तथा निगम का

**खास बात**

- बनाए गए जोनवार प्रभारी, जिले के विभिन्न विभागों के भी काउंटर शिविर में होंगे स्थापित

पहला शिविर 7 मई को कोरबा जोन कार्यालय में प्रातः 11 बजे से सायं 4 बजे तक आयोजित होगा। राज्य शासन से प्राप्त दिशा निर्देशों के तहत कलेक्टर कुणाल दुदावत के मार्गदर्शन में आयुक्त आशुतोष पाण्डेय ने सुशासन तिहार शिविरों के आयोजन हेतु आदेश जारी कर जोनवार प्रभारी अधिकारियों की नियुक्ति करते हुये शिविरों का सफल आयोजन करने तथा सभी आवश्यक व्यवस्थायें सुनिश्चित किये जाने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिये है। उन्होने जिले के विभिन्न विभागों को शिविर आयोजन की सूचना देते हुये विभागों के काउंटर शिविर में स्थापित किये जोन को कहा है।

प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की मंशा के अनुरूप नगर पालिक निगम क्षेत्रांतर्गत सुशासन तिहार 2026 का आयोजन किया जायेगा, इस आयोजन के तहत विभिन्न जोन में सुशासन तिहार शिविर लगाये जायेंगे, जहां पर विभिन्न शासकीय योजनाओ के संबंध में व्यापक जनजागरूकता, पात्र हितग्राहियों को योजनाओं के लाभों का वितरण, शिविर के दौरान प्राप्त आवेदनों का अधिकतम 1 माह के भीतर निराकरण तथा प्रत्येक आवेदन को उसके आवेदन के निराकरण की सूचना दिये जाने की कार्यवाही संपादित कराई जायेगी। इस दौरान विभिन्न समस्याओं से संबंधित आवेदन पत्र आमनागरिकों से प्राप्त किये जायेगे तथा उन पर निर्धारित समयसीमा के अंदर निराकरण की कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी। सुशासन तिहार-2026 के नगर निगम कोरबा के नोडल अधिकारी अपर आयुक्त विनय मिश्रा एवं सहायक नोडल अधिकारी उपायुक्त पवन वर्मा ने बताया कि आयुक्त आशुतोष पाण्डेय द्वारा शिविर आयोजन हेतु जारी आदेश के अनुसार कोरबा जोन में 7 मई को सुशासन तिहार शिविर आयोजित होगा। इसी प्रकार टी.पी.नगर जोन में 11 मई को, कोसाबाड़ी जोन में 13 मई को, पं.रविशंकर शुक्लनगर जोन में 15 मई को, बालको जोन में 20 मई को, दर्री जोन में 22 मई को तथा सर्वमंगलानगर जोन में 25 मई को सुशासन तिहार शिविर आयोजित किये जायेंगे। उन्होने बताया कि प्रत्येक शिविर हेतु कार्यपालन अभियंता व सहायक अभियंता स्तर के अधिकारियों को शिविर का प्रभारी अधिकारी बनाया गया है, जो अपने स्तर पर आवश्यक कर्मचारियों की तैनाती शिविरों में करेंगे, आवश्यक व्यवस्थायें सुनिश्चित करायेंगे तथा शिविरों का सफल संचालन सुनिश्चित करेंगे। यह शिविर प्रातः 11 बजे से सायं 4 बजे तक आयोजित होंगे।



फाइल फोटो

**जनपद पंचायतों में भी लगेंगे शिविर**

इसी तरह मई और जून माह में जिले की विभिन्न जनपद पंचायतों में क्लस्टर स्तर पर शिविर लगाए जाएंगे। अभियान की शुरुआत 1 मई को जनपद पंचायत कटघोरा के ग्राम धनरास से होगी। इसके पश्चात 4 मई को करतला के कनकी में, 5 मई को पोडीउपरोड़ा के पिपरिया एवं पाली के ईरफ में शिविर आयोजित किए जाएंगे। मई माह के दौरान अन्य प्रमुख आयोजन 7 मई को जनपद पंचायत पोंड़ीउपरोड़ा के ग्राम जल्के और जनपद पंचायत कोरबा के ग्राम पहंदा, 8 मई को पाली के ग्राम बसीबार, 11 मई को पोंड़ी उपरोड़ा के ग्राम बैरा, तथा 12 मई को पाली के ग्राम चोढ़ा एवं कोरबा के ग्राम चुईया में जनसमस्या निवारण शिविर संपन्न होंगे। इसी प्रकार 13 मई को जनपद पंचायत करतला के ग्राम गिधौरी, 14 मई को कटघोरा के ग्राम सिंघाली एवं कोरबा के ग्राम केराकछार, 15 मई को पोंड़ीउपरोड़ा के ग्राम सिरमीना, 16 मई को पाली के ग्राम रामाकछार और 19 मई को पोंड़ीउपरोड़ा के लमना, पाली के नगोई व कटघोरा के ग्राम डोंगरी में जनसमस्याओं का निराकरण किया जाएगा। माह के उत्तरार्ध में 20 मई को जनपद करतला के ग्राम देवलापाठ, 21 मई को पोंड़ीउपरोड़ा के मोरगा व कोरबा के ढोंगदरहा, 22 मई को पाली के धौराभांठा, 26 मई को पाली के निरधी, पोंड़ीउपरोड़ा के जटगा व कटघोरा के छिंदपुर, 28 मई को करतला के नवापारा (चौ.) और 29 मई को जनपद पंचायत पोंड़ीउपरोड़ा के तुमान एवं पाली के डोगानाला में शिविर लगेंगे।

# केदार को कार्यकारी अध्यक्ष गिरजा को मंत्री का जिम्मा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



केदारनाथ



गिरजा साहू।

कोयला मजदूर सभा (एचएमएस) में पदाधिकारियों को नई जिम्मेदारी सौंपी गई है। जिसमें केदारनाथ अग्रवाल को कार्यकारी अध्यक्ष और गिरजा साहू को मंत्री का अहम जिम्मा दिया गया है। उनकी नियुक्ति से श्रमिकों में उत्साह का संचार हुआ है।

**खास बातें**

- कोयला मजदूर सभा (एचएमएस) में दी गई नई जिम्मेदारी
- नियुक्तियों से श्रमिकों में उत्साह

कोयला मजदूर सभा (एचएमएस) का सम्मेलन गत 19 जनवरी को तानसेन भवन चिरमिरी में आयोजित किया गया था। सम्मेलन के दौरान केन्द्रीय कार्यकारी समिति का चुनाव विधिवत संपन्न हुआ। संगठन महामंत्री नाथुलाल पांडेय ने नवनिवार्चित केन्द्रीय कार्यकारिणी की सूची जारी की है। जिसमें अध्यक्ष बजरंग शाही को बनाया गया है। कार्यकारी अध्यक्ष की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी केदारनाथ अग्रवाल कोरबा व श्रीकांत शुक्ला को सौंपी गई है। मंत्री के रूप में साहू समाज के गिरजा साहू को नियुक्त किया गया है। इसके अलावा उपाध्यक्ष रेशम लाल यादव, राम सहारे पाल कुसमुंडा व महामंत्री नाथूलाल पांडेय होंगे। संगठन मंत्री श्री साहू के अलावा अशोक कुमार साहू विकास नगर कुसमुंडा नियुक्त किए गए हैं। संगठन मंत्री में तरूण राहा गेवरा, मनीष सिंह कुसमुंडा, कार्यालय सचिव दीपक कुमार दुबे दीपका, विकास कुमार पाठक कुसमुंडा होंगे। इसके अलावा कार्यकारिणी व विशेष आमंत्रित सदस्यों की नियुक्ति की गई है। एचएमएस द्वारा श्रमिकों से जुड़े मुद्दों को प्रमुखता से उठाया जाता रहा है। उनकी मांगों को लेकर संगठन ने कई लड़ाईयां लड़ी है। अब संगठन को और मजबूत करने पदाधिकारियों को अहम जिम्मेदारी दी गई है, जो अपने अपने क्षेत्रों में संगठन के द्वारा दिए गए दायित्वों का निर्वहन करेंगे। केदारनाथ अग्रवाल व गिरजा साहू की नियुक्ति से श्रमिकों में हर्ष व्याप्त है। श्री अग्रवाल ने कहा कि संगठन ने उन्हें जो जिम्मेदारी दी है, उसका वे पूरी निष्ठा व ईमानदारी के साथ निर्वहन करते हुए श्रमिक हित में कार्य करेंगे। श्री साहू ने कहा कि श्रमिकों के हितों के मुद्दों को पूरी गंभीरता के साथ प्रबंधन के समक्ष रखा जाएगा। उनकी नियुक्ति पर श्रमिकों ने उन्हें बधाई दी है।

# ट्रेलर चालक की लापरवाही से इंसुलेटर हुआ बर्स्ट, आधे शहर में बिजली हो गई बंद


हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

शहर में अक्सर लापरवाह ट्रेलर वाहन चालकों के चलते आम जनता को इसका खामियाजा भुगतना पड़ता है। ट्रेलर चालक आव देखते हैं ना ताव और कभी विद्युत पोल पर गाड़ी चढ़ा देते हैं तो कभी तार को अपनी जद में ले लेते हैं। जिसके

**खास बातें**

- बायपास मार्ग में ट्रेलर चालक ने घटना को दिया था अंजाम
- मोतीसागर पारा, सोनालिया सब स्टेशन के लगभग 6 हजार उपभोक्ता हुए थे प्रभावित

चलते विद्युत विभाग को भारी नुकसान होता है। नया मामला फिर से सामने आया है जहां राताखार बाईपास मार्ग में एक लापरवाह ट्रेलर चालक ने विद्युत विभाग के 33 केवी लाइन को अपनी जद में ले लिया था जिससे टॉप इंसुलेटर भ्रष्ट हो गया था साथ ही जर्क पड़ते ही शहर के आधे इलाकों में बिजली बंद हो गई थी। घंटों मशक्कत के बाद किसी तरह विद्युत वितरण विभाग की टीम ने मेंटेनेंस किया और शहर की विद्युत व्यवस्था को बहाल किया गया।



सुधार कार्य करता बिजली कर्मचारी।

उल्लेखनीय है कि तुलसी नगर जोन के अंतर्गत आने वाले पुराने शहर कोरबा सीतामणी सहित आसपास जिला में तुलसी नगर सब स्टेशन से विद्युत आपूर्ति की जाती है। मंगलवार की देर शाम एक तेज रफ्तार ट्रेलर के चालक ने तेज व लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए सुबह बाईपास मार्ग में 33 केवी लाइन की विद्युत पोल को अपने जद में ले लिया था। जिसके चलते तार टूट गया और टॉप इंसुलेटर भ्रस्ट हो गया था और जर्क आने की वजह से टीपी नगर सब स्टेशन के अंतर्गत आने वाले सभी इलाके में विद्युत व्यवस्था ठप्प हो गई थी। मोतीसागरपारा और सोनालिया सब स्टेशन के अंतर्गत आने वाले पुराना कोरबा, सोनालिया पावर हाउस, रोड सीतामणी सहित आसपास इलाकों में विद्युत व्यवस्था पूरी तरह से बंद हो गई थी। विद्युत विभाग के अधिकारी कर्मचारियों की टीम द्वारा पेट्रोलिंग शुरू की और घंटों मशक्कत के बाद पता चल सका कि राताखार बाईपास मार्ग में ट्रेलर चालक के लापरवाही के कारण टॉप इंसुलेटर भ्रस्ट हुआ था। जिसके बाद अधिकारी कर्मचारियों की टीम ने व्यवस्था को बहाल करने की दिशा पर काम शुरु किया और रात लगभग 10:15 बजे क्षेत्र की विद्युत व्यवस्था को बहाल किया जा सका। यह पहली बार नहीं है कि शहर में इस तरह की घटना सामने आई होगी। इससे पहले भी कई ट्रक और ट्रेलर चालक इस तरह की बड़ी-बड़ी घटनाओं को अंजाम दे चुके हैं जिसके चलते इसका खामियाजा आम जनता को भुगतना पड़ता है। बताया जाता है कि जिस ट्रेलर चालक ने घटना को अंजाम दिया था वह मौके से फरार हो गया था।

# राष्ट्रीय नवाचारी शिक्षक सम्मान से सम्मानित हुई सीमा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

राजधानी रायपुर में शिक्षा जगत का एक गौरवशाली आयोजन संपन्न हुआ। जहां राष्ट्रीय नवाचारी शिक्षा रत्न सम्मान 2025-26 से प्रदेश भर के उत्कृष्ट शिक्षकों को सम्मानित किया गया। इस प्रतिष्ठित समारोह में कोरबा जिले की शिक्षिका सीमा स्वर्णकार (व्याख्याता) नेअपनी नवाचारी कार्य शैली से विशेष पहचान बनाते हुए कोरबा जिले का मान बढ़ाया है। यह आयोजन नवरी गतिविधियां समूह भारत की छत्तीसगढ़ टीम द्वारा ऐतिहासिक स्वामी आत्मानंद प्रोफेसर जे एन पांडे शासकीय उत्कृष्ट हिंदी मध्यम उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में किया गया। कार्यक्रम में पूरे प्रदेश से चयनित 160 शिक्षकों को उनके उत्कृष्ट और नवाचारपूर्ण योगदान के लिए सम्मानित किया गया। इस हेतु कोरबा जिले की वरिष्ठ गणित की व्याख्याता श्रीमती सीमा स्वर्णकार को राष्ट्रीय नवाचारी शिक्षक रत्न सम्मान 2025-26 से सम्मानित किया गया। इन्हें यह सम्मान नवाचारी प्रयासों से शिक्षा की गुणवत्ता सुधारने में महत्वपूर्ण योगदान हेतु दिया गया है। यह सम्मान छत्तीसगढ़ राज्य से 600 से ज्यादा आवेदन प्राप्त हुए, चयन प्रक्रिया के तहत दस्तावेज सत्यापन, साक्षात्कार और क्रॉस इंटरव्यू के बाद ही अंतिम सूची तैयार की गई जिसमें केवल जमीनी स्तर पर उत्कृष्ट कार्य करने वाले शिक्षकों को स्थान मिला।



हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना

प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें

टी.पी. नगर बी. ब्लॉक कामर्शियल काम्पलेक्स, कोरबा मो. 7049267780

# चोरी के तीन आरोपियों को भेजा जेल, सोने-चांदी के आभूषण एवं मोटरसाइकिल बरामद

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले में अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण एवं अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाने सजग कोरबा, सतर्क कोरबा अभियान के तहत थाना बालकोनगर पुलिस ने 3 आरोपियों को गिरफ्तार कर चोरी गए सोने-चांदी के आभूषण एवं मोटरसाइकिल बरामद की है।

बालको थाना क्षेत्र अंतर्गत कमरे आलम 5 अप्रैल को थाना में रिपोर्ट दर्ज कराया कि उसके चाचा शादी कार्यक्रम में शामिल होने बिहार गया हुआ था। इस दौरान अज्ञात चोर के द्वारा सूने मकान का ताला तोड़कर घर में रखे सोने-चांदी के आभूषण एवं नगदी रकम चोरी कर ली गई। मामले में पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर पतासाजी किया जा रहा था कि पतासाजी के दौरान पुलिस ने आरोपी परसाभाठा दुर्गा पंडाल निवासी अमित देवांगन उर्फ मिथलेश देवांगन पिता लक्ष्मी प्रसाद देवांगन उम्र 26 वर्ष, क्वार्टर नंबर 796 ए-टाइप सेक्टर-5 बालको निवासी राकेश कुमार बघेल उर्फ राका उम्र 21 वर्ष पिता स्व. सुखदेवानंद बघेल, एवं परसाभाठा शिव मंदिर निवासी राकेश कुमार सोनी उम्र 37 साल पिता फनीत राम सोनी को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से चोरी गए सोने-चांदी के आभूषण एवं घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल जप्त की गई। आरोपियों से कुल 2 लाख 80 हजार रुपए का मशरूका बरामद किया गया। आरोपियों को न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया है।



पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

# बारात में साइड नहीं मिलने से दो पक्षों में मारपीट, तीन घायल, मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कटघोरा थाना क्षेत्र में मंगलवार देर रात बारात में हंगामा मच गया। गाड़ी निकालने की बात को लेकर बारात

**खास बात**

- कटघोरा थाना क्षेत्र अंतर्गत जय स्तंभ चौक के समीप हुई घटना

में शामिल लोगों ने तीन लोगों का माथा और सिर फोड़ दिया। लहूलुहान तीनों का उपचार स्थानीय अस्पताल में कराया गया।

अग्रसेन भवन कटघोरा से बारात निकाली गई थी। इस दौरान जय स्तम्भ चौक के पास नरेंद्र ज्वेलर्स के सामने जाम लग गया था। बारात के बीच से रात करीब 10:30 बजे बाइक निकालने के दौरान हुए विवाद में दो भाई दाऊद अली व दानिश अली को बारातियों ने जमकर पीटा। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, हमलावरों ने हाथ-मुक्कों के साथ-साथ सड़क किनारे पड़े ईंट और पत्थरों का भी इस्तेमाल किया। इस हमले में दोनों भाईयों के सिर पर गहरी चोटें आई हैं, जिसके कारण उन्हें अस्पताल में 8 टांके लगाने पड़े। बारातियों ने इसी दौरान वहां से गुजर रहे एक ट्रक चालक चिरी, मध्य प्रदेश निवासी पिंटू गुप्ता के साथ भी मारपीट की। उसका भी माथा फूट गया है। इस पूरे घटनाक्रम के दौरान मौके पर अफरा-तफरी का माहौल निर्मित हो गया। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पुलिस पहुंची। सभी घायलों का उपचार स्थानीय अस्पताल में कराया गया है। मामले में पुलिस ने अमित मित्तल, नितेश मित्तल एवं अन्य लोगों के खिलाफ अपराध दर्ज कर लिया है।



घायल युवक।

online Booking:-www.tripuryatra.com
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्लीपर मात्र 21,500/-
15 दिन
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री
श्री यमुनोत्री, श्री हरिद्वार, श्री ऋषिकेश
श्री त्रियुगीनारायण, श्री तुगनाथ महादेव
अन्य दर्शनः-काशी विश्वनाथ, पंच प्रयाग दर्शन- (विष्णुप्रयाग, नंदप्रयाग, कर्णप्रयाग, रुद्रप्रयाग, देवप्रयाग), माना गाँव (भारत का अंतिम गाँव),धारी देवी,चोपता
07 मई, 11 मई,
25 मई, 06 जून, 15 जून 2026
राशिः-स्लीपर-21,500/-, 3 एसी- 31,500/-, 2 एसी- 38,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411